इंदौर, बुधवार 11 मार्च 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 114
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650




राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


बीआरटीएस : दूसरे छोर की रैलिंग हटना शुरू



पेज-2

सिर्फ अभिनय पर रहेगा फोकस : दिव्या



पेज-5

प्रदेश में धर्म कोड पर सियासी घमासान



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- बेंगलुरु : बहस के बाद डिलीवरी एजेंट ने किया ग्राहक पर हमला, तोड़ी नाक
- नॉर्थ कोरिया ने एक हफ्ते में टेस्ट किया दूसरा स्ट्रेटेजिक क्रूज़ मिसाइल
- ईरानी सरकार हमारे नागरिकों पर क्लस्टर बम दाग रही है : इजरायल
- जयशंकर ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को लेकर ईरान के विदेश मंत्री अराघची से बात की
- ईरान की 2 और महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में मिली शरण
- इजरायली सेना ने लेबनान के बेरूत में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर किए हमले
- पश्चिम एशिया संकट के बीच जी7 देशों के नेताओं की बैठक होगी : मार्क कॉर्नी
- ईरान ने तेल सप्लाई रोकी तो हमले तेज होंगे : अमेरिकी रक्षा मंत्री
- हमने माइन बिछाने वाले ईरान के जहाजों को नष्ट कर दिया : ट्रंप

# फिर कैबिनेट से नदारद दिखे कैलाश-प्रहलाद, बड़े परिवर्तन की सुगबुगाहट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश के सियासी गलियारों में आज दिनभर यह चर्चा होती रही कि मंत्रालय भोपाल में संपन्न कैबिनेट बैठक से दो दिग्गज मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल क्यों नदारद रहे। इससे पहले बड़वानी में संपन्न कैबिनेट में भी यह दोनों दिखाई नहीं दिए थे। इससे इस बात को बल मिल रहा है या यू कहें संकेत मिल रहे हैं कि क्या यह दोनों दिग्गज मंत्री कैबिनेट से बाहर होने वाले हैं?

मध्य प्रदेश में इन दिनों मंत्रिमंडल में फेर बदल की चर्चा जोरों से है। यह भी चर्चा है कि इस संभावित फेरबदल में मध्य प्रदेश के दो दिग्गज नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल की छुट्टी हो सकती है।





बड़वानी कैबिनेट बैठक के दो दिन पहले अमित शाह की कैलाश और प्रहलाद से दिल्ली में 1-2-1 बैठक हुई थी। दिल्ली में जिस दिन कैलाश और प्रहलाद की मुलाकात अमित शाह से हुई, उसी दिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मुलाकात भी अमित शाह से हुई थी। इन तीनों मुलाकात को अगर एक साथ जोड़कर देखा जाए तो उसका लब्बोलुआब यह निकलेगा कि कहीं ना कहीं कुछ अंदर ही अंदर ऐसा पक रहा है जिसका संबंध मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल से हो सकता है। यह भी चर्चा है कि संभावित फेर बदल के बाद इन दोनों दिग्गजों की दिल्ली में सम्मानजनक वापसी भी होगी। अब यह तो आने वाला समय ही बताया कि कैलाश और प्रहलाद क्यों कैबिनेट में भाग नहीं ले रहे हैं और इनकी अमित शाह से हुई सीक्रेट मीटिंग के भविष्य में क्या परिणाम निकलते हैं?

# हटाए गए चैप्टर से ही पूछ लिया प्रश्न, अब मिलेंगे बोनस अंक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● माशिमं की परीक्षाओं में लापरवाही का बड़ा उदाहरण सामने आया है। माशिमं ने 12वीं की भौतिक विज्ञान की परीक्षा में क्वालिटी फैक्टर पर सवाल पूछे। खुद माशिमं ही इस पाठ को पाठ्यक्रम से बाहर कर चुका है। मूल्यांकन के दौरान गलती सामने आने पर बोर्ड परीक्षार्थियों को बोनस अंक देगा। 10वीं-12वीं की परीक्षा में केवल पाठ्यक्रम से बाहर ही नहीं, गलत और भ्रामक सवाल भी पूछे गए हैं। इन सबके लिए बोनस अंक देने का निर्देश हुआ है। माशिमं ने स्वीकार किया है कि 12वीं के भौतिकी विषय के प्रश्नपत्र में एक प्रश्न सिलेबस के बाहर का पूछा गया है। दूसरा प्रश्न त्रुटिपूर्ण है। इसमें सभी विद्यार्थियों को दो अंक बोनस देने का निर्णय लिया गया है। वहीं 12वीं के बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी में दो बहुविकल्पीय प्रश्न के विकल्प में त्रुटि होने के कारण हल करने के प्रयास करने वाले विद्यार्थियों को एक अंक दिए जाएंगे।

### बोनस अंकों का गणित और त्रुटियाँ

सेट-ए में प्रश्न क्रमांक एक का भाग-ए त्रुटिपूर्ण पूछा गया, जिसके लिए सभी विद्यार्थियों को एक अंक बोनस दिया जाएगा। वहीं प्रश्न क्रमांक पांच का भाग-ए सिलेबस से बाहर का था। सत्य व असत्य वाले सवाल का चैप्टर सिलेबस से हटा दिया गया है, फिर भी इस सवाल को पूछ लिया गया। इस प्रकार सभी सेट के विद्यार्थियों को कुल दो अंक बोनस दिए जाएंगे।

## श्रीआर सिद्धांत पर महापौर और निगम आयुक्त का नया प्रयोग

# लेदर बैग की जगह कपड़े के झोले में रखा निगम का बजट

### घर-घर से निगम करेगा अनुपयोगी वस्तुएं एकत्र, जरूरतमंदों करेंगे भेंट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगर निगम इंदौर ने स्वच्छता और संसाधनों के पुन: उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में घर की सफाई अभियान के तहत श्रीआर (रिड्यूज, रियूज और रिसाईकल) कलेक्शन की शुरुआत की है। जोन क्रमांक 8 की क्लासिक पूर्णिमा कॉलोनी से महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिघल ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।

घर-घर से होंगी एकत्र-अभियान के तहत 31 मार्च तक विशेष वाहन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर अनुपयोगी, लेकिन उपयोगी सामग्री एकत्रित करेंगे। इसमें कपड़े, किताबें, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। एकत्रित सामग्री को केसरबाग ब्रिज के नीचे स्थित श्रीआर सेंटर में ले जाकर उसकी छंटाई की जाएगी और 'वेस्ट टू बेस्ट' की अवधारणा के तहत जरूरतमंदों के लिए उपयोगी वस्तुएं तैयार की जाएंगी।



### वस्तुओं को रीयूज करना परम्परा

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि री-यूज की परंपरा भारतीय समाज में पहले से रही है, जहां परिवार में उपयोग की गई वस्तुएं अन्य सदस्यों के काम आती थीं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम ने यह अभियान शुरू किया है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों में रखी अनुपयोगी, लेकिन उपयोगी वस्तुएं इस अभियान के तहत निगम के वाहनों को देकर सहयोग करें। महापौर ने बताया कि आगामी नगर निगम के बजट सत्र में पार्षदों और महापौर परिषद् के सदस्य लेदर बैग की जगह री-यूज मटेरियल से बने कपड़े के झोलों का उपयोग करेंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

# राहत : चंदन नगर चौराहे पर 40 करोड़ की लागत से बनेगा 6-लेन फ्लाईओवर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के सबसे व्यस्त और ट्रैफिक जाम से जूझने वाले चौराहों में से एक चंदन नगर पर अब 6-लेन फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इंदौर विकास प्राधिकरण इस प्रोजेक्ट पर करीब 40 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इस फ्लाईओवर के बनने से धार रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है।

लंबे समय से चंदन नगर चौराहा भारी ट्रैफिक और हादसों का केंद्र बना हुआ था। इसी को ध्यान में रखते हुए आईडीए ने साल भर पहले शहर के 11 प्रमुख चौराहों का फिजिबिलिटी सर्वे कराया था, जिसमें चंदन नगर-धार रोड को पहली प्राथमिकता दी गई थी। अब इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।



एआई जनरेटेड फोटो

**गैर योजना मद से होगा निर्माण**-इस फ्लाईओवर की खास बात यह है कि इसका निर्माण गैर योजना मद से किया जाएगा। इसके लिए आगामी बोर्ड बैठक में एक औपचारिक प्रस्ताव रखा जाएगा, जिसके बाद अंतिम मंजूरी के लिए इसे शासन के पास भेजा जाएगा। नियमों के मुताबिक, प्राधिकरण अपने राजस्व का 10 प्रतिशत तक गैर योजना मद में खर्च कर सकता है। आईडीए का लक्ष्य है कि बोर्ड की मंजूरी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य को गति दी जाए।

### यातायात को मिलेगी रफ्तार

*फ्लाईओवर के बनने से धार रोड पर सफर करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। फूटी कोठी की तरफ से एयरपोर्ट और बड़ा गणपति जाने वाला ट्रैफिक फ्लाईओवर के नीचे से बिना जाम में फंसे निकल सकेगा। वहीं, धार और सिरपुर की ओर जाने वाले वाहन फ्लाईओवर के ऊपर से गुजरेंगे, जिससे यात्रा का समय काफी बचेगा।*

# रौब : सांसद प्रतिनिधि के जन्मदिन पर 'स्टंट' दिखाना पड़ा भारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सांसद शंकर लालवानी के प्रतिनिधि पंकज फतेचंदानी के जन्मदिन पर रैली निकाल कर कार में स्टंट करने वाले छात्र नेता आयुष भार्गव के खिलाफ पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। आयुष का कार में वीडियो बहुप्रसारित हुआ था। जूनी इंदौर पुलिस के अनुसार पंकज का समर्थकों द्वारा जन्मदिन मनाया गया था। आयुष ने कार और बाइक का काफिला निकाला था।

**इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड करना पड़ा भारी**-आयुष कार के सनरुफ से बाहर निकल कर स्टंट किया और उसका वीडियो भी इंस्टाग्राम आइडी पर अपलोड किया। पुलिस ने सोमवार रात आयुष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार टावर चौराहा से सिंधी कालोनी तक निकले इस काफिले की अनुमति नहीं ली गई थी। इस कारण यातायात बाधित हुआ है।



**कार जब्त होगी, पंकज को भी मिल सकता है नोटिस**-टीआइ अनिल गुप्ता के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट, बगैर अनुमति के रैली निकालने और आम जनता का जीवन संकट में डालने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आयुष की कार भी जब्त करेगी। आयुष के कथन के बाद पंकज को भी नोटिस जारी किया जा सकता है।

## मिलेगा मौका : मप्र भाजपा की कार्यकारिणी में नए चेहरों को मिलेगी जगह

# टीम खंडेलवाल का जल्द होगा विस्तार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र भाजपा में लंबे समय से चर्चा में चल रहा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की नई टीम में निगम-मंडल के आगे-पीछे बड़े स्तर पर बदलाव और विस्तार होने की संभावना है। प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्यों के साथ-साथ विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति भी होगी। खास बात यह है कि लंबे समय से जिम्मेदारी से दूर चल रहे कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को फिर से मौका मिल सकता है। साथ ही संगठन में पीढ़ी परिवर्तन की झलक भी साफ दिखेगी, यानी युवा चेहरों को प्रमुखता दी जाएगी। नियुक्तियों से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संगठन महामंत्री और वरिष्ठ नेताओं की सहमति लेना अनिवार्य होगा। इस बार विंध्य, महाकौशल और बुंदेलखंड अंचल से कई नए-पुराने चेहरों को कार्यकारिणी में जगह मिलने की प्रबल संभावना है।

गौरतलब है कि नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा के बाद अप्रैल महीने में प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के कार्यकाल की पहली कार्यसमिति बैठक होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सत्ता और संगठन दोनों में नियुक्तियों का लंबे समय से इंतजार है। सत्ता में निगम, मंडल और प्रकोष्ठों में नियुक्ति की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में हैं। इसके कारण भी प्रदेश कार्यसमिति का गठन टलता आ रहा था।



### कार्यसमिति छोटी, लेकिन होगी प्रभावी

मप्र भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति इस बार अपेक्षाकृत छोटी, लेकिन प्रभावी होगी। कार्यसमिति में एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी। 26 प्रदेश पदाधिकारियों के अतिरिक्त इस बार कार्यसमिति में 106 सदस्यों को जगह मिलने का अनुमान है, इस हिसाब से कार्यसमिति में 35 महिला सदस्य होंगी, इनमें 9 महिलाएं अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग की होंगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संकेत दिया है कि नई प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की सूची तैयार है, जिसकी घोषणा इसी माह चैत्र नवरात्रि के बीच में की जा सकती है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक इस बार प्रदेश कार्यसमिति के गठन में पार्टी संविधान का कड़ाई से पालन किया जाएगा। कार्यसमिति में 26 विशेष आमंत्रित सदस्यों को भी नियुक्त किया जा सकता है। इस तरह कार्यसमिति में कुल सदस्यों की संख्या 160 तक पहुंच सकती है। नई कार्यसमिति में काफी हद तक नए चेहरे और क्षेत्रीय-सामाजिक संतुलन दिख सकता है।

# 'इंदौर संकेत' की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया क्लीनिक बंद करने का फरमान

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

ग्रामीण क्षेत्र बनेडिया में झोलाछाप डॉक्टर को लेकर लगातार दैनिक इंदौर संकेत अखबार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित कर रहा था जैसे ही अखबार की खबर देपालपुर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर वंदना केसरी के पास पहुंची तो उन्होंने तत्काल बनेडिया गांव पहुंचकर बिना डिग्री धारी झोलाछाप डॉक्टर को क्लीनिक बंद करने की चेतावनी दे दी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर वंदना केसरी ने इंदौर संकेत के प्रतिनिधि को बताया कि झोलाछाप डॉक्टर को लेकर बनेडिया गांव की लगातार शिकायत मिल रही इसी को देखते हुए मैंने क्लीनिक बंद करने के निर्देश दिए कल से क्लीनिक नहीं खुलना चाहिए आपके पास कोई डिग्री कोई परमिशन नहीं है उसके बावजूद क्लीनिक संचालित होता है तो हम देपालपुर एसडीएम को आवेदन देकर आगे की कार्यवाही करेंगे जानकारी में हम आपको बता दें बनेडिया से लेकर देपालपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बड़ी तादाद में झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर रहे हैं इतना ही नहीं इंजेक्शन बोतल लगाने के साथ-साथ दवाई गोली भी अपने पास से दे रहे लेकिन यह डॉक्टर दूसरी जगह प्रैक्टिस करते-करते डॉक्टर बन गए जिन्होंने दवाई देना सीखा इंजेक्शन लगाना सिखा लेकिन उनके पास ना तो डिग्री है ना अनुमति है ना कोई पंचायत की परमिशन है देपालपुर के ग्रामीण इलाकों में कहीं वर्षों से यह डॉक्टर आम आदमी की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं लेकिन लगातार खबरें प्रकाशित होने पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और स्पष्ट रूप से उन्होंने क्लीनिक बंद करने की चेतावनी दी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर का यह कदम स्वास्थ्य के लिए अहम माना जा रहा है ताकि भविष्य में किसी भी मरीज के साथ कोई घटना घटित ना हो साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी पहले निर्देश दिए थे की झोलाछाप डॉक्टरो पर कठोर कार्यवाही की जाए लेकिन उनके आदेशों को देखा अन देखा किया गया इसी का फायदा उठाकर झोलाछाप डॉक्टर गांव गांव क्लीनिक संचालित कर रहे हैं लेकिन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की सक्रियता ने बता दिया किसी भी फर्जी डॉक्टर का क्लीनिक संचालित नहीं होने देंगे।



सोए कुंभकरण की नींद : बनेडिया झोलाछाप डॉक्टर पर कार्यवाही का इंतजार

जान के साथ हो रहे खिलवाड़ से अनजान स्वास्थ्य विभाग के गैर जिम्मेदार अधिकारी

निलेश चौहान : 94250-77209

देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत

ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों ने अपना जाल बिछा रखा है। इसमें बंगाल के कुछ बंगाली डॉक्टर भी अपना जादू इलाज के नाम पर गांव-गांव में दिखा रहे हैं। आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में बैठे हैं। जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण की नींद सोए हैं। सूत्र बताते खुलेआम झोलाछाप डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग का संरक्षण मिल रहा है। धड़ल्ले से

बनेडिया में झोलाछाप डॉक्टर कर रहे इलाज

■ बनेडिया के ग्रामवासियों को कार्यवाही का इंतजार है। स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही करेगा या फिर लक्ष्मी की माया के आगे लाचार या

न्यूज ब्रीफ

## पालकी में निकलेंगे भगवान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर, देवाधिदेव भगवान 1008 श्री ऋषभदेव जी (श्री आदिनाथ भगवान) का जन्मोत्सव चैत्र कृष्ण नवमी दिनांक 12 मार्च 2026 दिन गुरुवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जावेगा। आखिर जिनके पुत्र भरत के नाम पर इस देश का नाम 'भारत' पढ़ा उनका जन्मकल्याणक जो है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस सुअवसर पर पालकी में श्रीजी विराजमान कर चल समारोह निकाला जावेगा। चल समारोह श्री आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर से आरम्भ होकर गोरव नगर,माहवीरबाग, अग्रसेन नगर होकर श्री आदिनाथ जिनालय पहुँचेगा जहाँ श्रीजी का स्वर्ण एवं रजत कलशों से अभिषेक किया जावेगा। छत्रपति नगर जैन समाज के अध्यक्ष भुपेंद्र जैन ने समस्त समाजजन से आह्वान करते हुए कहा कि पुरुष वर्ग स्वेत वस्त्रों में एवं महिलाएं अपने अपने मंडल की साडीयो में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## स्वस्थ नारी से ही समृद्ध होगा देश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एमवाय अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक अत्यंत गरिमामयी और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज और चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सराहने के उद्देश्य से आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विषय 'सशक्त नारी, सशक्त देश स्वस्थ नारी, समृद्ध देश' रखा गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ महिला ही एक स्वस्थ और विकसित राष्ट्र की नींव रख सकती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती यांगचेन भूटिया शामिल हुईं।

## वॉलमार्ट ने इंडिया ग्रोथ समिट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वॉलमार्ट ने इंडिया ग्रोथ समिट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। यह सम्मेलन भारतीय कंपनियों को घरेलू एवं वैश्विक स्तर पर विस्तार करने में सक्षम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। 7 मई को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा, जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), डिजिटल- फर्स्ट ब्रांड्स, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) सेलर्स और इनोवेटिव सप्लाई चेन कंपनियां एक मंच, पर आएंगी और वॉलमार्ट के साथ मिलकर वैश्विक व्यापार में अपने लिए नए अवसर तलाशेंगी।

## हथियार के साथ रील बनाने वाला युवक पकड़ाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में हथियार के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। परदेशीपुरा क्षेत्र के नंदानगर निवासी शुभम खटीक ने गंडासे के साथ रील बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसकी पहचान कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार शुभम ने यह रील अपने घर की छत पर बनाई थी। मंगलवार देर रात पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी जुटाई जा रही है। रील में शुभम खटीक गंडासे के साथ गाना गाते हुए 'पुष्पा स्टाइल' में हथियार घुमाते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक की पहचान कर उसे पकड़ लिया। तीन दिन पहले बाणगंगा क्षेत्र के तीन युवकों की भी इसी तरह की रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस उनकी तलाश कर रही थी, लेकिन वे इलाके में नहीं मिले।

### नगर निगम आयुक्त ने सुबह-सुबह कई क्षेत्रों का किया निरीक्षण, कचरा मिलने पर की सख्त कार्रवाई

# आयुक्त की सख्ती के बाद सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं

### एक्शन मोड में दिखे, कई का वेतन काटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वच्छता सर्वे के पूर्व शहर को एक बार फिर से नंबर वन लाने के लिए आयुक्त क्षितिज सिंघल एक्शन मोड में हैं। इसके बाद भी शहर के कई इलाके ऐसे हैं, जहां पर कचरा सड़कों पर और सड़क किनारे बिखरा हुआ है। हालत यह है कि सफाईकर्मी देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। जब तक एप 311 पर शिकायत न हो एक्शन नहीं लेते। वहीं दूसरी तरफ आयुक्त ने मंगलवार सुबह निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में कहीं कचरा नहीं आना चाहिए, लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें और कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लें। इसके बाद भी वार्ड 39 जहां आयुक्त ने कुछ क्षेत्र में दौरा भी किया था, रोजाना सड़कों पर कचरा लोग फेंक रहे हैं, इनके खिलाफ निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

**आज टर्न नहीं, इसलिए नहीं हुई सड़क की सफाई:** खजराना के वार्ड 39 के कई इलाका ऐसे हैं, जहां लोग घरों के आगे कचरा फेंकने वालों से परेशान हैं। कई बार शिकायत हो चुकी हैं, लेकिन आज तक किसी पर चलानी कार्रवाई नहीं होती है। साथ ही कचरा भी शिकायत करने पर या फिर कर्मचारी की मर्जी हो, तो उठाया जाता है। मंगलवार को भी



दिनभर कालोनी गार्डन की सड़क पर कचरा फैला रहा, सफाईकर्मी ने केवल इसलिए सफाई नहीं की, क्योंकि इसका टर्न दूसरे दिन था। वहीं जहां सामने की सड़क का टर्न था, वहां कचरा नहीं था, इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है। लोगों का कहना है कि दूर से लोग आकर रात के अंधेरे में कचरा यहां कई वर्षों से फेंक रहे हैं। कई लोगों को पकड़ा भी लेकिन वो लड़ने पर आमादा हो जाते हैं। निगमकर्मी सहयोग नहीं कर रहे हैं।

#### कचरा देख भड़के आयुक्त

शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल मंगलवार सुबह एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने विभिन्न झोन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी। कई स्थानों पर खाली प्लॉट और डिवाइडर पर कचरा मिलने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सबसे पहले आयुक्त ने जोन क्रमांक 8 के चिकित्सक नगर और महालक्ष्मी नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां खाली प्लॉट और डिवाइडर पर कचरा मिलने पर उन्होंने संबंधित लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं लापरवाही सामने आने पर सीएसआई श्याम माण्डकर और सहायक सीएसआई जयकिशन नागर का तीन-तीन दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए।

**वेतन काटने के निर्देश-** इसके बाद आयुक्त जोन क्रमांक 22 के बापू गांधी नगर और अनुराग नगर क्षेत्र पहुंचे। क्षेत्र में गंदगी मिलने पर संबंधितों पर चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए गए, वहीं सीएसआई वीरेन्द्र चौहान और दरोगा रजत हाडे का एक-एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जोन क्रमांक 10 के वार्ड 39 में नया कृष्णा गार्डन से सांझी छत तक क्षेत्र का भी जायजा लिया।

## एयरपोर्ट पर यात्री से अभद्रता, इंडिगो स्टाफ ने कहा- 'यू शटअप'




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइन के ग्राउंड स्टाफ के व्यवहार को लेकर एक यात्री ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई है। यात्री ने आरोप लगाया कि इंडिगो की महिला ग्राउंड स्टाफ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें 'यू शटअप' तक कह दिया।

यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि एयरपोर्ट पर मौजूद क्रू मेंबर ने उन्हें 13वीं लाइन में जाने के लिए कहा था। जब वह वहां पहुंचे तो संबंधित ग्राउंड स्टाफ ने उनका काम करने से मना कर दिया और कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। यात्री ने अपने पोस्ट में स्टाफ के व्यवहार को बेहद खराब बताते हुए एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रबंधन से कार्रवाई की मांग की। यात्री ने अपनी शिकायत में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, इंडिगो एयरलाइन और इंदौर एयरपोर्ट को टैग करते हुए पूरे मामले की जानकारी साझा की। वहीं इंडिगो एयरलाइन ने भी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यात्री के अनुभव के बारे में जानकर उन्हें चिता हुई है। एयरलाइन के अनुसार यह उनके सेवा मानकों के अनुरूप अनुभव नहीं है और मामले की गंभीरता से जांच कर संबंधित टीम को फीडबैक दिया जाएगा। वहीं एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा कि वे इस मामले में एयरलाइंस से बात कर कार्रवाई करने के लिए कहेंगे।

### डिवाइडर का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश, निगम आयुक्त ने किया मौका निरीक्षण

## बीआरटीएस : दूसरे छोर की रैलिंग हटना शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के बहुचर्चित बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने की कार्रवाई अब तेज हो गई है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिघल ने सोमवार को नवलखा चौराहा से विजय नगर चौराहा तक पूरे बीआरटीएस मार्ग का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। करीब किलोमीटर लंबे बीआरटीएस कॉरिडोर पर रैलिंग और बस स्टॉप हटाने का काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शिवाजी वाटिका से नवलखा तक लगभग 1.80 किमी क्षेत्र में दोनों ओर की रैलिग हटाकर पैचवर्क का काम पूरा किया जा चुका है। 800 मीटर तक अस्थायी डिवाइडर यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो... इसके लिए निगम ने करीब 800 मीटर तक अस्थायी डिवाइडर तैयार किए हैं, जबकि अन्य स्थानों पर भी अस्थायी डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। खास बात यह है कि बीआरटीएस से हटाई गई रैलिग का ही उपयोग अस्थायी डिवाइडर बनाने में किया जा रहा है, जिससे निर्माण पूरा होने तक यातायात सुरक्षित रह सके। निरीक्षण के दौरान रसोमा चौराहा से



**रैलिंग हटी नहीं और सॉइल टेस्टिंग शुरू-** इधर, बीआरटीएस की रैलिग अभी पूरी तरह से हट भी नहीं पाई है कि एलआईजी वाले हिस्से से एलिवेटेड कॉरिडोर का काम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए प्रेस कॉम्प्लेक्स के सामने वाले हिस्से में लोहे के पतरे लगाकर सॉइल टेस्टिंग का काम शुरू कर दिया गया है। हालांकि इस हिस्से में ही रैलिग हटाने का काम भी इसी के साथ जारी है। मस्जिद वाले हिस्से में जो पतरे लगाए गए हैं, वहां पर वाहनों के निकलने के लिए काफी कम जगह छोड़ी गई है। इसके कारण शाम के समय ट्रैफिक का लोड बढने पर यहां पर वाहनों की लंबी कतारें लगने लगती हैं।

एमआर-09 चौराहा के बीच एक तरफ की बीआरटीएस रैलिग हटाकर तय स्थानों पर स्थायी डिवाइडर का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

**तीन बस स्टॉप हटाए-** वहीं एलआईजी चौराहे से एमआर-9 चौराहे तक लगभग 950 मीटर रैलिग बीम हटाई जा चुकी है, जबकि एमआर-9 चौराहे से विजय नगर तक करीब 900 मीटर रैलिग बीम हटाने का काम जारी है। निगम द्वारा राजीव गांधी चौराहे से भंवरकुआ तक तीन बस स्टॉप पूरी तरह डिस्मेंटल किए जा चुके हैं, जबकि भंवरकुआ फ्लाईओवर से जीपीओ तक चार बस स्टॉप पर तोड़ने का कार्य प्रगति पर है।

## इंदौर-नई दिल्ली त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार :अब हिसार तक चलेगी, आज से शुरुआत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर से उत्तर भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए इंदौर-नई दिल्ली त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार अब हरियाणा के हिसार तक कर दिया है। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन हिसार तक संचालित की जाएगी। यह ट्रेन आज (बुधवार) शाम पहली बार इंदौर से हिसार के लिए रवाना होगी।

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 11 मार्च से ट्रेन संख्या 20957 इंदौर-हिसार त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस इंदौर से शाम 4:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9:20 बजे हिसार पहुंचेगी, वहीं वापसी में 12 मार्च से ट्रेन संख्या 20958 हिसार-इंदौर त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस हिसार से दोपहर 1:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 6:45 बजे इंदौर पहुंचेगी। रेलवे के अनुसार इस ट्रेन का ठहराव अब नई दिल्ली




रेलवे स्टेशन के स्थान पर दिल्ली सफदरजंग स्टेशन पर दिया गया है। इसके अलावा दोनों दिशाओं में शकूरबस्ती, रोहतक, महम और हांसी स्टेशनों पर भी ट्रेन रुकेगी। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ट्रेन के मार्ग और समय में इन बदलावों के अलावा अन्य कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। यात्रियों से अपील की गई है कि ट्रेन के समय, ठहराव और वास्तविक स्थिति की जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की अधिकारिक वेबसाइट या रेल वन ऐप पर जरूर देखें। रेलवे की वैकल्पिक तैयारी यह भी है कि टीही टनल को छोड़कर पीथमपुर से धार तक सीआरएस इंस्पेक्शन करवाकर ट्रॉली और इंजन ट्रायल कर लिया जाए। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार टनल का काम संभवतः मई-जून तक पूरा हो जाएगा। हालांकि रेलवे की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक तारीख नहीं तय की गई है।

#### टनल का काम अब तक पूरा नहीं हुआ

इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट में धार तक के हिस्से में एक बार फिर डेडलाइन पूरी हो गई और काम अधूरा ही रह गया। रेलवे ने धार तक के लिए फरवरी-2026 तक काम पूरा करने का टारगेट लिया था। अभी भी टीही के आगे टनल का काम अधूरा है।

## बीएड रिजल्ट विवाद पर एनएसयूआई का प्रदर्शन

### डीएवीवी ने 7 दिन में री-चेकिंग का दिया आश्वासन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय के बीएड प्रथम वर्ष के रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। छात्र संगठन का कहना है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अंकों में गड़बड़ी से उन्हें नुकसान हुआ है, इसलिए री-चेकिंग के बाद संशोधित परिणाम जारी किया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 7 दिनों के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कर सुधारित रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया है।

इंदौर में इस सप्ताह बीएड प्रथम वर्ष का परिणाम आते ही कई छात्रों के लिए राहत की जगह बेचैनी बढ़ गई। जिन छात्रों को पास होने या बेहतर अंक



आने की उम्मीद थी, उनमें से बड़ी संख्या ने रिजल्ट में त्रुटि का आरोप लगाया और मामला सीधे देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय तक पहुंच गया।

इसी मुद्दे पर एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कहा कि घोषित परिणाम में गंभीर गड़बड़ियां हैं। संगठन का आरोप है कि मार्किंग और परिणाम प्रक्रिया में ऐसी त्रुटियां हुई हैं, जिससे छात्रों का शैक्षणिक नुकसान हो रहा है और आगे की प्रवेश व नौकरी प्रक्रियाओं पर भी असर पड़ सकता है।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने साफ मांग रखी कि सिर्फ तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराई जाए। उनका कहना है कि अगर कॉपी सही तरीके से जांची गई होती तो इतने छात्रों को एक साथ शिकायत लेकर सड़कों पर नहीं आना पड़ता। एनएसयूआई ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता और शिक्षा माफियाओं व विश्वविद्यालय प्रशासन की संभावित मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने कहा कि निष्पक्ष जांच जरूरी है, वरना छात्रों का भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं और विद्यार्थियों ने नारेबाजी की और प्रशासन से समयबद्ध कार्रवाई की मांग की। उनका जोर इस बात पर रहा कि री-चेकिंग की प्रक्रिया पारदर्शी हो, ताकि बाद में फिर विवाद न खड़ा हो।

## द्वितीय चरण का हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड मूल्यांकन प्रशिक्षण संपन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा जिला मूल्यांकन अधिकारी बोर्ड समन्वयक संस्था शासकीय मालव कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती बबीता हयारन दुबे के संयोजन में द्वितीय चरण के बोर्ड परीक्षा के विषयों के मूल्यांकन हेतु आज सराफा विद्या निकेतन में मूल्यांकन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। शासकीय शिक्षक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं बोर्ड परीक्षा हिंदी विषय के डिप्टी दिनेश परमार ने बताया कि द्वितीय चरण में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ शांता स्वामी भार्गव एवं बोर्ड समन्वयक संस्था की प्राचार्य श्रीमती बबीता हयारन के निर्देशन में मंगलवार को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, राजनीति, समाज शास्त्र एवं भूगोल विषयों के मूल्यांकन कर्ता शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी कक्षाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को मास्टर ट्रैनर्स तपन जिंदल एवं मुकेश पंवार ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सैकड़ों शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण की सुचारु व्यवस्था में राजेश सेठिया, श्रीमती कमला सिंह, श्रीमती बबीता चौरे, श्रीमती भावना जायसवाल सहित पूरे स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

## श्री दशा नीमा समाज का फूलडोल महोत्सव संपन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री दशा नीमा समाज द्वारा रंगपंचमी पर फूलडोल महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। यह आयोजन का पचासवां वर्ष था। आयोजन में समाज की उभरती प्रतिभाओं का सम्मान एवं पुरूस्कार वितरण किया गया। आयोजन में स्थानीय समाजजन के अलावा उज्जैन , झाबुआ , नलखेड़ा एवं मंदसौर के अतिथिगण भी उपस्थित हुए। रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और क्रिकेट के रोमांचक फाइनल मैच का संयोग होने से लोगों का उत्साह दोगुना था। इस अवसर पर समाज की ख्यात और प्रतिष्ठित महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। खेल प्रेमियों के लिए मेगा स्क्रीन की विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां सभी ने सामूहिक रूप से मैच का आनंद लिया और अपनी राष्ट्रीय भावना का परिचय दिया। श्री दशा नीमा युवा मंच के महेश नीमा 'गामा', वल्लभ नीमा एवं श्रीमती ममता नीमा ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी का आभार माना , उन्होंने बताया कि यह संस्था तीर्थ दर्शन , सामूहिक विवाह जैसे बड़े आयोजन भी कर चुकी हैं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 11 मार्च 2026

# इंदौर-ओंकारेश्वर के बीच 'डेथ घाट' का अंत !
# पहाड़ काटकर बनाई 33 किमी लंबी सड़क

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर से ओंकारेश्वर के बीच 'डेथ घाट' के नाम से मशहूर भेरूघाट अब इतिहास बनने वाला है। 33 किमी लंबे तेजाजीनगर-बलवाड़ा फोरलेन प्रोजेक्ट में बन रही तीन आधुनिक टनल न सिर्फ सफर के समय को 1 घंटा कम करेंगी, बल्कि सिंहस्थ 2028 से पहले श्रद्धालुओं को सुरक्षित सफर का तोहफा भी देंगी। इंदौर से ओंकारेश्वर और खंडवा जाने वाले मार्ग पर 33.40 किलोमीटर लंबा फोरलेन प्रोजेक्ट सड़क बनेगी प्रोजेक्ट में तीन आधुनिक टनल बन रही हैं जो दुर्घटनाग्रस्त मोड़ों को सुरक्षित बनाएंगी। भेरूघाट, बाईग्राम और चौरल घाट में तीन टनलों का निर्माण नवीनतम तकनीकों से किया जा रहा है। ओंकारेश्वर और खंडवा की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। मध्यप्रदेश का सबसे खतरनाक माना जाने वाला 'डेथ घाट' अब इतिहास बनने जा रहा है। इंदौर-इच्छापुर कॉरिडोर के तहत तेजाजीनगर से बलवाड़ा तक बन रहा 33.40 किलोमीटर लंबा फोरलेन प्रोजेक्ट प्रदेश की सड़क कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत इसमें बन रही तीन आधुनिक टनल हैं, जो न सिर्फ सफर का समय घटाएंगी बल्कि मौत के मोड़ों



को भी सुरक्षित सफर में बदल देंगी।

### पहाड़ काटकर बनाई जा रही नई लाइफलाइन

इंदौर को ओंकारेश्वर, खंडवा, बुरहानपुर और महाराष्ट्र से जोड़ने वाला यह पुराना रास्ता हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। पातालपानी जलप्रपात और चौरल घाटी के



खूबसूरत नजारों के बीच तीखे मोड़ और गहरी ढलान वाहन चालकों के लिए बड़ी मुसीबत साबित होते थे। भारी ट्रैफिक और कम विजिबिलिटी के कारण यहां अक्सर जाम और हादसों की स्थिति बनी रहती थी। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए एनएचएआई ने करीब 33 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को आधुनिक बनाने का काम शुरू किया है, जिसके इस साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

### टनल आधुनिक इंजीनियरिंग का कमाल

इस पूरे प्रोजेक्ट का सबसे चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण हिस्सा पहाड़ियों के बीच बनाई जा रही तीन टनल हैं। पहली टनल भेरूघाट में बन रही है, जिसकी लंबाई करीब 575 मीटर है। दूसरी टनल बाईग्राम में 480 मीटर लंबी है, जहां चुनौतीपूर्ण मिट्टी और चट्टानों के बीच वॉटरप्रूफिंग और कंक्रीट लाइनिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं तीसरी टनल चौरल घाट में 550 मीटर लंबी बनाई जा रही है। इन टनलों के निर्माण में 'न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड' और इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल्ड ब्लास्टिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है ताकि पहाड़ों को न्यूनतम नुकसान पहुंचे और टनल बेहद मजबूत बनें।

### ब्लैक स्पॉट और हादसों से मिलेगी मुक्ति

भेरूघाट और चौरल घाट का इलाका बरसों से 'डेथ घाट' के रूप में कुख्यात रहा है। इंदौर ग्रामीण क्षेत्र के 15 सबसे खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स में से कई इसी हाईवे पर स्थित हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में इन ब्लैक स्पॉट्स पर हुए 170 हादसों में 112 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। अक्सर ब्रेक फेल होने या तीखे मोड़ों पर नियंत्रण खोने की वजह से बसें और ट्रक 50 फीट गहरी खाइयों में गिर जाते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्व. खादीवाला का व्यक्तित्व और गांधीजी के विचार आज एक प्रेरणा के रुप में अजर-अमर हैं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्वतंत्रता सैनानी एवं इन्दौर के पूर्व सांसद स्व. कन्हैयालाल खादीवाला की 122 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रामबाग, नगर निगम चौराहा स्थित खादीवाला प्रतिमा पर खादीवाला परिवार द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल, प्रकाश व्यास, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय सितलानी, इंदिरा गांधी समन्वयक प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कनुप्रिया सत्तन, विक्रम अवार्डी धनंजय शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ गणमान्यजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्षद राजू भदौरिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि इन्दौर में नगर निगम में कांग्रेस की परिषद बनने पर स्व. खादीवाला की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए आकर्षक गार्डन बनाया जाएगा और उनकी आदमकद प्रतिमा भी लगाई जाएगी।

### प्रशासन की बेरुखी से तंग आकर दलित परिवार ने दी धर्म परिवर्तन की चेतावनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जिले के ग्राम मुंडला दोस्तदार के एक दलित परिवार ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर सामूहिक धर्म परिवर्तन का मन बना लिया है। पीड़ित परिवार के मुखिया संजय मौर्य ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अनुसूचित जाति के साथ लगातार अत्याचार हो रहा है और शिकायतों के बावजूद पुलिस प्रशासन सुनने को तैयार नहीं है। अपनी शिकायत को लेकर स्थानीय पुलिस थाने से लेकर एसपी और आईजी तक के चक्कर काटे हैं। न्याय न मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। मौर्य के अनुसार, वे कई बार जनसुनवाई में भी शामिल हुए, लेकिन अधिकारियों के आश्वासनों के अलावा उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ।

### बुद्धि तभी निर्मल और पवित्र होगी, जब हम सद्गुणों को आत्मसात करेंगे - पं. शर्मा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संसार में हमारे कर्म सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण से घिरे होते हैं। शिव पुराण हमें अपने कर्मों को सही दिशा की ओर प्रवृत्त करने वाली कथा है। यह हमारे विवेक की जागृति का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रशंसा से अभिमान और अभिमान से पतन निश्चित होता है, लेकिन मन और बुद्धि के समन्वय से ही हम तमोगुण से बच सकते हैं। बुद्धि तभी निर्मल और पवित्र होगी, जब हम सदगुणों को आत्मसात करेंगे। शिव पुराण पाप से निवृत्त होने की कथा है। सत्संग और भगवान की कथा जीवन को अपने लक्ष्य की ओर ले जाने का प्रकाश पुंज है। जीवन को पवित्र और सार्थक बनाने के लिए भगवान के नाम का आश्रय ही सर्वोत्तम माना गया है।

## प्रशिक्षण महाअभियान से देशभर में करीब 80 लाख कार्यकर्ता प्रशिक्षित होंगे - शिवप्रकाश

- भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रवादी विचारधारा का सशक्त प्रतिनिधि - डॉ. मोहन यादव
- संगठन की विशिष्ट विचारधारा और कार्य पद्धति: हमें अन्य दलों से अलग बनाती है - श्री हेमंत खण्डेलवाल
- भाजपा की सफलता का आधार हमारे समर्पित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता - श्री अजय जामवाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, गुजरात संगठन महामंत्री रत्नाकर, ने पश्चिम मध्य क्षेत्र प्रशिक्षण प्रभारी के सी पटेल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, प्रशिक्षण वर्ग प्रदेश संयोजक विजय दुबे, सह प्रभारी राजेंद्र सिंह, नंदिता पाठक, अभय यादव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की उपस्थिति में आज इंदौर के गुजराती इनोवेटिव कालेज में पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला को संबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री श्री शिवप्रकाश जी ने कहा कि सक्षम कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की नींव के समान होता है। इस प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से देशभर में लगभग 80




लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो पार्टी की ताकत को और मजबूत करेंगे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रशिक्षण से न केवल कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व उभरता है, बल्कि संगठन को भी शक्ति और दिशा मिलती है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को सिर्फ पार्टी के लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। भाजपा का कार्यकर्ता न केवल प्रशिक्षित होता है, बल्कि वह राष्ट्रवाद की प्रगति और महत्ता को समझता है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा की विशिष्ट विचारधारा और मजबूत कार्य पद्धति ही हमें अन्य दलों से अलग बनाती है। भाजपा की निरंतर सफलता में कार्यकर्ताओं के नियमित प्रशिक्षण और अनुशासन का प्रमुख योगदान है, जो पार्टी को एक अजेय राजनीतिक शक्ति बना रहा है। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य सिर्फ प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास और निष्ठा का संचार करना है, जिससे वे संगठन के विकास में अपना योगदान और अधिक प्रभावी ढंग से दे सकें। भाजपा की सफलता और संगठन क्षमता सिर्फ विचारधारा पर आधारित नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं की निरंतर शिक्षा, साधना और अभ्यास पर भी निर्भर करती है।

### दीप मालिकाएं सजाकर किया गया साईं बाबा की पालकी का पूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सुदामा नगर क्षेत्र मंगलवार को साईंमय बना रहा। सुबह श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति के तत्वावधान में ई सेक्टर स्थित रवि बरकडे भाऊ के निवास पर साईं बाबा की पालकी का पूजन कर सैकड़ों साईं भक्तों की मौजूदगी में प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। पहली बार इस क्षेत्र में बाबा की प्रभात फेरी और पालकी निकाली गई। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव के परिजनों सहित समूचे सुदामा नगर क्षेत्र में घर-घर बाबा की पालकी और भक्तों का आत्मीय स्वागत हुआ। अधिकांश घरों पर रंगोली सजाकर दीप लगाए गए और आतिशबाजी भी हुई। पालकी जहां-जहां से निकली, भक्तों का सैलाब जुड़ता चला गया। सांई बाबा के सर्वधर्म समभाव के संदेश के अनुरूप साईं द्वार से ही भक्तों का काफिला जुड़ने लगा था जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। शीतला सप्तमी के संयोग के कारण महिला भक्तों का उत्साह भी देखने लायक था।

### श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के सांस्कृतिक संगठन द्वारा भव्य फाग महोत्सव एवं भजन संध्या आयोजित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को भव्य फाग महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। फागुन की मस्ती, श्याम का दरबार..., श्याम के भजन संग फाग की फुहार! की थीम पर आधारित इस रंगारंग कार्यक्रम में बाबा खाटू श्याम का अलौकिक दरबार सजाया गया और स्वजाति सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश जोशी ( सूरत ) के श्रीमुख से सुमधुर भजनों की आकर्षक प्रस्तुति पर वहां मौजूद समाजन जमकर थिरके। फाग महोत्सव एवं भजन संध्या में पूरा वातावरण श्याम मय हो गया था।

सांस्कृतिक संगठन की संयोजिका श्रीमती राजेश्वरी विजय जोशी ने बताया कि इंदौर के धार रोड स्थित ब्लू लोटस गार्डन में आयोजित 15वें फाग उत्सव में खाटू श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार कर अखंड ज्योत के साथ आकर्षक दरबार सजाया गया। शाम 7 बजे से प्रारंभ हुआ यह आयोजन रात्रि 11 बजे तक चलता रहा। भजनों के साथ ही पारंपरिक फाग गीत एवं नृत्य ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस रंगारंग उत्सव में अन्न और जल है जीवन का आधार, इन्हें बचाना हमारा संस्कार के माध्यम से अन्न और जल बचाओ अभियान के तहत आगंतुकों को भोजन और पानी व्यर्थ न करने के लिए प्रेरित किया गया।

### नेत्रदान के लिए व्यापक जनजागरण आवश्यक - उमा झंवर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •इंटरनेशनल आई बैंक की प्रमुख समाजसेविका उमा झंवर ने कहा कि नेत्रदान मानव सेवा का एक महान कार्य है और इसके लिए समाज में व्यापक स्तर पर जनजागरण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि लोग नेत्रदान के महत्व को समझें और इसके लिए आगे आएं तो हजारों नेत्रहीन लोगों के जीवन में उजाला लाया जा सकता है। उमा झंवर एक समारोह में नेत्रदानी साईं भक्त स्वर्गीय विमल साबू की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर नेत्रदान के प्रति जागरूकता और प्रेरणा के उद्देश्य से 'नेत्रदान अवार्ड' प्रदान किया गया। यह सम्मान सविता साबू तथा वाइब्रेंट वायरल सोशल मीडिया मुंबई के फाउंडर ईशान साबू ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवियों और अतिथियों ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सेवा किसी के जीवन में प्रकाश भरने का सबसे बड़ा माध्यम है। समारोह में पत्रकार कमल साबू, रवि मंत्री सहित अनेक समाजसेवी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग नेत्रदान के लिए संकल्प लें और इस पुनीत कार्य के माध्यम से मानवता की सेवा में अपनी भागीदारी निभाएं।

### ब्राह्मण सेवा संगठन की ओर से 27 वीं बार एमवाय के मरीजों के लिए दवाइयां भेंट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • ब्राम्हण सेवा संगठन की पहल पर संगठन के सर्व समाज सेवा प्रकल्प, निरामय सेवा संजीवन द्वारा 27वीं बार एमवाय अस्पताल में भर्ती, आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सहायता के उद्देश्य से सहायता सीनियर सिटीजन ग्रुप को करीब 15 हजार रुपए मूल्य की दवाइयां भेंट की। संगठन के अध्यक्ष पं. सत्येन्द्र शर्मा एवं मीडिया प्रभारी पं. नीलाभ सुगंधी ने बताया कि संगठन के प्रकल्प कर्मेशु मातृशक्ति बंधन राऊ की महामंत्री श्रीमती अनिता हरीश पाठक के सौजन्य से यह सेवा कार्य किया गया।



**इंदौर** • समाजसेवी अशोक कुमावत ने अपना जन्मदिन गरीब बच्चों के बीच जाकर मनाया इंदौर समाजसेवी अशोक कुमावत ने अपने जन्मदिन पर गरीब बच्चों को खाना वह उपहार देकर अपना जन्मदिन मनाया इस अवसर पर रूप गिरी महाराज भी उनके साथ थे वह महाराज ने उनके इस कार्य की तारीफ की और उन्हें आशीर्वाद दिया कि आप इस तरह गरीब बच्चों की सहायता करते रहें इस अवसर पर उनके साथ इंडिया न्यूज़ 7 के पत्रकार सुनील कुशवाहा भी उपस्थित थे।

### अग्रसेन भवन पर मधुमेह-मोटापे से मुक्ति के लिए नीनादेवी अग्रवाल स्मृतिमें दो दिवसीय निशुल्क जांच शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1140 समाज बंधुओं ने शामिल होकर अपनी विभिन्न 32 प्रकार की जांचे कराई। शिविर के समापन में सांसद शंकर लालवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं पार्षद मृदुल अग्रवाल अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिन्होंने



खुलेमन से इस आयोजन की सराहना करते हुए समाज बंधुओं से इस अभियान का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आग्रह किया।अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर में पहले दिन 550 तथा दूसरे दिन 590 समाज बंधुओं ने आकर अपनी जांचे कराई।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### विज्ञान आगे बढ़ रहा, ग्रामीण अब भी गंदा पानी पीने को मजबूर - जल जीवन मिशन की चौंकाने वाली हकीकत

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को साफ पानी देने का दावा किया गया, लेकिन 75% नल-जल दूषित पाए गए। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में विज्ञान और तकनीक के मामले में नई ऊंचाइयां छूने का दावा किया जा रहा है, उसमें आज भी करोड़ों लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे पीने योग्य नल-जल की सुविधा के तिहत्तर फीसद दूषित नमूनों पर उपचारात्मक उपाय नहीं हो पाया। यानी देश में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जिन्हें आज भी स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सवाल है कि विकास की यह कौन-सी दिशा है, जिसमें पीने के साफ पानी की अनुपलब्धता से जुड़ी समस्या की इस हद तक अनदेखी की जा रही है कि आज यह व्यापक संकट का एक बड़ा कारण बनता दिख रहा है। राज्यों की भागीदारी से वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल मुहैया कराने का कार्यक्रम शुरू किया गया। मगर देश भर में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रबंधन में जिस स्तर की कोताही बरती जा रही है, कहीं वह आने वाले समय में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती की शक्ल में न सामने आए।वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए चौंतीस राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों से आए पानी के नमूनों की जांच की गई। जांच के बाद दूषित पाए गए कुल नमूनों में से केवल 26.31 फीसद पर ही उपचारात्मक उपाय किए जा सके। दरअसल, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के घरों तक पहुंचाए जा रहे पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पेयजल के नमूने को संग्रह कर उनकी जांच की जाती है। जांच में अगर कहीं का पानी दूषित पाया जाता है, तो वहां जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाती है। अव्वल तो सवाल यह है कि पेयजल को स्वच्छ रखने के लिए क्या किया गया। फिर अगर कुल दूषित नमूनों में से तिहत्तर फीसद पर उपचारात्मक उपाय भी नहीं किए जा सके, तो क्या इसके लिए जिम्मेदारी तय की गई? क्या ऐसी ही लापरवाही की वजह से शहरों-महानगरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में लोगों के घरों तक पहुंचाए जाने वाले पेयजल के दूषित होने की समस्या और ज्यादा नहीं बढ़ती जा रही है? यह छिपा नहीं है कि आज देश के कई हिस्सों में लोग गंदा पानी पीने और उससे उपजी बीमारियों की चुनौती का सामना करने को मजबूर हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान ! नहीं सहेगा हिंदुस्तान

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्र सरकार के बीच अक्सर टकराव देखने को मिलता है, जिसे लेकर भाजपा उन पर केंद्र का अपमान करने के आरोप लगाती रही है। हाल ही में, सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के दौरान हुए कथित कुप्रबंधन और उनसे न मिलने के आरोपों को लेकर भाजपा ने ममता पर संविधान के अपमान का आरोप लगाया, जिसे ममता ने भाजपा की राजनीतिक साजिश बताया। हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान उनके स्वागत और प्रोटोकॉल को लेकर नया सियासी विवाद खड़ा हो गया है। चर्चा इस बात को लेकर है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न तो स्वयं राष्ट्रपति के स्वागत के लिए पहुंचीं और न ही अपनी ओर से किसी मंत्री को नामित किया। प्रोटोकॉल के जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री का खुद मौजूद रहना अनिवार्य नहीं होता लेकिन परंपरा और शिष्टाचार के तहत उनकी अनुपस्थिति में किसी मंत्री को स्वागत के लिए भेजा जाता है।

ऐसा पहली बार नहीं है कि ममता ने केंद्र सरकार व उसके मंत्रियों का अपमान किया हो । इसके पहले कही ही कई उदहारण है जैसे पीएम की बैठकों में न जाना: चक्रवात के दौरान या कोविड समीक्षा बैठकों में ममता बनर्जी द्वारा समय पर न पहुँचने या बैठक बीच में छोड़कर जाने जैसी घटनाओं को केंद्र सरकार ने 'सहकारी संघवाद' के खिलाफ और अपमानजनक माना है। सीबीआई और केंद्रीय एजेंसियों को रोकना: राज्य में सीबीआई की कार्यवाही को रोकने या केंद्रीय जांच एजेंसियों को राज्य में आने से पहले अनुमति अनिवार्य करने के फैसलों को भी केंद्र के प्रति अविश्वास और असंवैधानिक रवैया माना गया।? राज्यपाल के साथ टकराव: पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ के साथ उनका निरंतर टकराव भी केंद्र-राज्य संबंधों में खटास और अपमान के तौर पर देखा गया। गोरतलब है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के दौरे से जुड़ी व्यवस्थाएं गृह मंत्रालय की ब्लू बुक के तहत तय होती हैं। इसी दस्तावेज में वीवीआईपी दौरों के दौरान सुरक्षा, प्रोटोकॉल और स्वागत की पूरी व्यवस्था का उल्लेख होता है।इस दस्तावेज में इन वीवीआईपी के दौरे के दौरान सुरक्षा, प्रोटोकॉल और स्वागत से जुड़े सभी दिशा-निर्देश तय होते हैं। इसकी क्रमांकित प्रतियां संबंधित अधिकारियों को दी जाती हैं और जिला स्तर पर यह जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रमुख के पास रहती है।

क्या होता है राष्ट्रपति का प्रोटोकॉल प्रोटोकॉल के अनुसार आम तौर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री इन गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हैं। यदि मुख्यमंत्री उपलब्ध न हों, तो वे अपने किसी मंत्री को इसके लिए नामित करते हैं।प्रोटोकॉल अधिकारियों के अनुसार, इन दौरों से पहले यह सूची तैयार कर ली जाती है कि एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन या राज्य की सीमा पर कौन-कौन गणमान्य व्यक्ति स्वागत के लिए मौजूद रहेंगे। यह सूची राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के कार्यालय को भेजी जाती है और उनकी मंजूरी के बाद ही अंतिम व्यवस्था तय होती है।



ममता का न आना यह पहली बार नहीं है । ऐसे कई मौके रहे हैं जब मुख्यमंत्री किसी कारण से स्वागत के लिए मौजूद नहीं हो पाए, लेकिन उन्होंने अपने किसी मंत्री को नामित किया। उदाहरण के तौर पर, सितंबर 2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मथुरा दौरे के दौरान न तो राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद थीं और न ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उस समय मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी को राष्ट्रपति के स्वागत के लिए भेजा था।इसी तरह, उत्तर प्रदेश में 2014 से 2017 के बीच जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर आते थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उपलब्ध नहीं होते थ तो वे अपने किसी मंत्री को स्वागत के लिए नामित कर देते थे। यही व्यवस्था उस समय के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के दौरों के दौरान भी अपनाई गई थी।

पश्चिम बंगाल में अब तक ऐसा उदाहरण कम ही देखने को मिला है जब प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति का स्वागत न तो मुख्यमंत्री ने किया हो और न ही किसी मंत्री ने। मई 2021 में चक्रवात यास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य दौरे के दौरान भले ही ममता बनर्जी ने उनकी अध्यक्षता वाली समीक्षा बैठक में हिस्सा नहीं लिया था, लेकिन वह एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने जरूर पहुंची थीं।

प्रोटोकॉल से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि ब्लू बुक के नियम काफी सख्त होते हैं और इनमें मामूली विचलन भी कई स्तरों पर सवाल खड़े कर सकता है। ऐसे में राष्ट्रपति के स्वागत को लेकर बंगाल में पैदा हुआ यह विवाद राजनीतिक और प्रोटोकॉल दोनों ही स्तरों पर चर्चा का विषय बन गया है। क्या है पूरा विवाद उसे भी जानना जरुरी है ।बत्ताया जाता है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आदिवासी समुदाय के वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि, सुरक्षा और व्यवस्था संबंधी अन्य कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बिधाननगर की जगह बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशैपुर में कार्यक्रम आयोजित किया। राष्ट्रपति शनिवार दोपहर जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मौजूद थे। इस पर राष्ट्रपति ने कहा कि ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन की तरह हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, यह महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम का स्थल बदलने पर भी सवाल उठाया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि अगर कार्यक्रम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह थी और काफी लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसे स्थान पर हो रहा है, जहां लोगों के लिए आना मुश्किल है। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राजनीति के लिए राष्ट्रपति के पद का इस्तेमाल कर रही है। कोलकाता में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी नीचे गिर गई है कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लेकर पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

इस दौरान सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वे राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करती हैं, लेकिन चुनाव के समय भाजपा के कहने पर राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का संवैधानिक पद है और उन्हें राजनीतिक विवादों से दूर रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी सवाल उठाया कि जब मणिपुर और अन्य भाजपा शासित राज्यों में आदिवासी समुदाय के लोगों पर अत्याचार हुए, तब राष्ट्रपति ने उस पर कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आदिवासियों के मुद्दे पर भाजपा दोहरा रवैया अपनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को शायद पश्चिम बंगाल में आदिवासी समुदाय के लिए किए गए विकास कार्यों की सही जानकारी नहीं है। सीएम ममता बनर्जी के अनुसार उनकी सरकार ने राज्य में आदिवासियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं के तहत कई महत्वपूर्ण काम किए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह मुद्दा उठाया और कहा कि आज देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, और कल पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने देश की राष्ट्रपति आदरणीय द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया है। द्रौपदी मुर्मू संथाल आदिवासी परंपरा के एक बड़े उत्सव में शामिल होने के लिए बंगाल गई थीं। इस पर ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही पत्र लिखकर बताया था कि संबंधित निजी संगठन राष्ट्रपति स्तर का कार्यक्रम आयोजित करने में सक्षम नहीं है, लेकिन इसके बावजूद राष्ट्रपति ने अपने विवेक से निमंत्रण स्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की व्यवस्था और उसमें आई कमियों के लिए आयोजक और एयरपोर्ट अथॉरिटी जिम्मेदार हैं, राज्य सरकार नहीं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री हर चुनाव से पहले बंगाल को निशाना बनाते हैं और राज्य का अपमान करते हैं।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में कोलकाता के मेयर मौजूद थे, जबकि वह खुद लोगों के अधिकारों को लेकर धरने में शामिल थीं। उन्होंने कहा कि हमारे मेयर वहां मौजूद थे। मैं धरने पर थी, ऐसे में मैं वहां से कैसे जा सकती थी? धरना शुरू होने से पहले मुझे इस कार्यक्रम की जानकारी नहीं थी। मैं यहां लोगों की लड़ाई लड़ रही हूं।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### किसान महासंघ ने पंजीयन बढ़ाने की मांग की, कलेक्टर से मिलकर बताई परेशानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर रोष जताया। एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर भव्या मित्तल से मिला। उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ाने की मांग की। महासंघ के प्रांत मालवा अध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि गेहूं पंजीयन प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है। उन्होंने कहा कि सोसायटियों में मुश्किल से 10 किसानों का ही पंजीयन हो पा रहा है, जिससे कई किसान अपनी उपज नहीं बेच पाएंगे। गुर्जर ने पंजीयन की तारीख बढ़ाना आवश्यक बताया। किसान प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि गेहूं, मक्का और चना सहित अन्य फसलें समर्थन मूल्य से नीचे बिक रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडियों में धारा 36 का उल्लंघन हो रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधियों ने जिले में रकबे के सत्यापन में राजस्व विभाग द्वारा गंभीर त्रुटियों का उल्लेख किया, खासकर करही क्षेत्र में कई शिकायतें मिलने की बात कही। उन्होंने इन त्रुटियों को भी सुधारने की मांग की।

### सतपुड़ा पहाड़ी में दिखे दुर्लभ उल्लू, विशेषज्ञों ने जैव विविधता का संकेत बताया

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खरगोन** • सतपुड़ा पहाड़ी क्षेत्र में दुर्लभ प्रजाति के उल्लू देखे गए हैं। ये उल्लू गुफा में बैठे हुए पाए गए। यह घटना भगवानपुरा तहसील के वनग्राम धरमपुरी क्षेत्र की बताई जा रही है। सामने आई तस्वीरों और वीडियो में दो छोटे उल्लू सामान्य प्रजातियों से अलग दिखाई दे रहे हैं। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. रविंद्र रावल ने इनकी पहचान इंडियन रॉक ईगल आउल (भारतीय ईगल उल्लू) के रूप में की है, जिसका वैज्ञानिक नाम बूबो बेंगलेंसिस है। उन्होंने बताया कि ये पक्षी मुख्य रूप से रात में विचरण करते हैं, इसलिए दिन के समय इन्हें कम ही देखा जाता है। सतपुड़ा के घने जंगल अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए जाने जाते हैं। यहां कई प्रकार के वन्य प्राणी, जीव-जंतु और पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। ऐसे में दुर्लभ प्रजाति के उल्लू का दिखाई देना जंगल की प्राकृतिक समृद्धि को और बढ़ाता है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग को भेजी है। भारत में उल्लू की 20 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जो अपने आकार, रंग और बनावट के आधार पर अलग-अलग होती हैं। इनमें मुख्य रूप से स्पॉटेड उल्लू, इंडियन ईगल उल्लू और ब्राउन फिश उल्लू जैसी प्रमुख प्रजातियां शामिल हैं।

### मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों की स्ट्राइक स्टाइपेंड में देरी और बढ़ोतरी की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खंडवा** • नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार, 9 मार्च से जूनियर डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जूडा (जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन) के बैनर तले जूनियर, सीनियर और पीजी रेजिडेंट डॉक्टर स्टाइपेंड भुगतान में देरी और इसे बढ़ाने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन कर रहे हैं। फिलहाल ओपीडी सहित सभी रूटीन सेवाएं बंद कर दी गई हैं, लेकिन मरीजों की परेशानी को देखते हुए इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से चालू हैं। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें मिलने वाले स्टाइपेंड के भुगतान में लंबे समय से देरी की जा रही है। इसके साथ ही वे लगातार अपना स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग भी कर रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार उनकी मांगों पर प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के विरोध में उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला किया है।

इस अनिश्चितकालीन हड़ताल का नेतृत्व जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा और उपाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र मवई कर रहे हैं। इन पदाधिकारियों के आह्वान पर मेडिकल कॉलेज के सभी रेजिडेंट डॉक्टर भी एक साथ इस हड़ताल में शामिल हो गए हैं। डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने के कारण अस्पताल की नियमित सेवाएं सीधे तौर पर प्रभावित हुई हैं। अस्पताल में ओपीडी, वार्ड सर्विस और अन्य रूटीन ड्यूटी पूरी तरह बंद कर दी गई हैं। रूटीन ड्यूटी और ओपीडी सेवाएं बंद होने से अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मरीजों की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन (इमरजेंसी) सेवाओं को इस हड़ताल से अलग रखा गया है। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि इमरजेंसी ड्यूटी और गंभीर मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी।

## खरगोन जिला जल अभावग्रस्त घोषित, नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** •जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। कलेक्टर भव्या मित्तल ने पेयजल संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत यह आदेश जारी किए हैं। ये प्रतिबंधात्मक आदेश मार्च के पहले 10 दिनों के भीतर जारी किए गए हैं और 15 जुलाई 2026 तक प्रभावशील रहेंगे। जारी आदेशों के अनुसार जिले के किसी भी क्षेत्र में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नलकूप खनन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल सरकारी विभागों को पेयजल व्यवस्था के लिए नलकूप खनन की अनुमति दी जाएगी।अन्य किसी भी प्रयोजन के लिए नलकूप खनन करने से पहले संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। कलेक्टर भव्या मित्तल ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिले में आमजन को पेयजल, घरेलू उपयोग और निस्तार के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध



कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जल संकट की स्थिति से निपटने के लिए नदियों, तालाबों, कुओं और नलकूपों सहित सभी जल स्रोतों में संचित पानी को जनहित में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**सिंचाई और अन्य उपयोग पर रोक**- आदेश में यह भी कहा गया है कि नर्मदा नदी को छोड़कर जिले की अन्य नदियों और नालों से पेयजल और निस्तार के अलावा सिंचाई या अन्य कार्यों के लिए पानी का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस कदम का उद्देश्य उपलब्ध जल स्रोतों का संरक्षण करना और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। यह निर्णय लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि जिले की औसत वर्षा 32.5 इंच है, जबकि इस वर्ष 36.2 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके बावजूद पहाड़ी क्षेत्रों में औसत से कम बारिश होने के कारण कई तालाब पूरी तरह नहीं भर पाए हैं, जिससे क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बनी हुई है।

**पेयजल समस्या के लिए कंट्रोल रूम**- पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय और सभी तहसील मुख्यालयों पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इन कंट्रोल रूम के माध्यम से लोगों की शिकायतें प्राप्त कर उनका समाधान करने की व्यवस्था की गई है, ताकि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।

### नेपा लिमिटेड में सुरक्षा सप्ताह का समापन, सुरक्षित परिश्रम से कंपनी तेजी से आगे बढ़ेगी- नरेश सिंह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, नवी मुंबई के दिशानिर्देश पर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के तहत आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह, निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक, मुख्य महाप्रबंधक व कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक कार्य एवं वाणिज्य सुरेंद्र मेहता, नेपा ऑफिसर्स स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र केसरी और नेपा मिल्स श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीण सोनी मौजूद रहे।सीएमडी नरेश सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा की सामूहिक शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सुरक्षित उत्पादन ही सतत प्रगति का आधार है और सभी के सुरक्षित सामूहिक परिश्रम से नेपा लिमिटेड नई गति प्राप्त करते हुए आगे बढ़ेगा।

निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने अपने संबोधन में कहा कि कार्य महत्वपूर्ण है, लेकिन जीवन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर दिया कि सुरक्षित कार्यशैली अपनाकर ही औद्योगिक प्रगति को स्थायी बनाया जा सकता है और प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित रहना ही संस्था की वास्तविक सफलता है।

मुख्य महाप्रबंधक और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने इस वर्ष की थीम 'उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त करें' पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता, प्रशिक्षण और अनुशासन से मजबूत होती है। पीआरओ संदीप ठाकरे ने बताया कि औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल की संकल्पना के आधार पर सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां, प्रशिक्षण सत्र और सुरक्षा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीएमडी के तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी को प्रथम, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख को द्वितीय तथा पेपर मशीन के कर्मचारी रमेश चौकसे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### 'कॉलोनाइजर ने 15 हजार वसूले, सुविधाएं नहीं दीं' रहवासियों ने लगाए वसूली के आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में न्यू अक्षरधाम कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनाइजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनाइजर ने मेंटेनेंस के नाम पर प्रति घर 15-15 हजार रुपये वसूले हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाएं नहीं दी गईं। इसी जनसुनवाई में एक पूर्व सफाईकर्मी ने भी रिश्वत न देने पर नौकरी से निकाले जाने का आरोप लगाया। अधिकारियों ने मामलों की जांच का आश्वासन दिया है। रास्तीपुरा के पास स्थित न्यू अक्षरधाम कॉलोनी पहले ऐमागिर्द पंचायत के अधीन थी, जो अब नगर निगम सीमा में आ गई है। मेंटेनेंस के पैसे लेने के बावजूद कॉलोनी में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और गार्डन जैसी सुविधाएं नहीं हैं। पिछले दिनों टैक्स वसूली के नाम पर कॉलोनी की पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई थी और अभी भी अलग-अलग राशियों की वसूली की जा रही है। नियमित साफ-सफाई न होने से बीमारियों का खतरा है और आवारा पशुओं की समस्या बनी हुई है। मंदिर के पास गेट की व्यवस्था नहीं है और बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित स्थान का अभाव है।

# आईपीएल 2026: गुजरात टाइटंस ने मैथ्यू हेडन को बनाया बल्लेबाजी कोच




**अहमदाबाद (एजेंसी)** ●इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए गुजरात टाइटंस ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। हेडन टीम के सपोर्ट स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी और सहायक कोच पार्थिव पटेल के साथ काम करेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान पुरुष टीम के साथ बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। नियुक्ति के बाद हेडन ने कहा कि अच्छी बल्लेबाजी विपक्ष पर दबाव बनाती है, जबकि बेहतरीन बल्लेबाजी मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लेती है, और यही मानक टीम स्थापित करना चाहती है। विक्रम सोलंकी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हेडन का अनुभव और युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने की क्षमता टीम की बल्लेबाजी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। दो बार के एकदिवसीय विश्व कप विजेता और आईसीसी हॉल ऑफ फेम सदस्य हेडन ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी 32 मैच खेले थे। वह 2010 में टीम के साथ आईपीएल खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे और 2009 में टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होगी, हालांकि मैचों का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं किया गया है। गुजरात टाइटंस की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं। टीम ने 2022 में अपने पहले ही सीजन में खिताब जीता था और 2023 में उपविजेता रही थी। 2025 में टीम तीसरे स्थान पर रही।

# सिर्फ अभिनय पर रहेगा फोकस : दिव्या



**मुंबई (एजेंसी)** ● रियलिटी शो द 50 से बाहर होने के बाद अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि अब वह आगे किस दिशा में काम करना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में दिव्या अग्रवाल ने खुलकर कहा कि शो से बाहर आकर उन्हें राहत महसूस हो रही है। उन्होंने बताया कि यह शो काफी हद तक पुरुष प्रधान था और इसमें काफी ज्यादा शारीरिक गतिविधियां शामिल थीं। उनके मुताबिक शो के दौरान हर प्रतिभागी खुद को सामने लाने की कोशिश में लगा रहता था, जिसके कारण कई बार कंटेस्टेंट एक-दूसरे के बारे में अजीब या अनचाही बातें भी कह देते थे। ऐसे हालात कई बार माहौल को असहज बना देते थे। दिव्या ने यह भी बताया कि उन्होंने इस शो में हिस्सा अपने फैंस की वजह से लिया था। लंबे समय से उनके प्रशंसक चाहते थे कि वह किसी और रियलिटी शो में नजर आएं। इसी वजह से उन्होंने द 50 का हिस्सा बनने का फैसला किया। उनका कहना है कि वह भविष्य में किसी भी तरह का रियलिटी शो करने की योजना नहीं बना रही हैं। दिव्या ने स्पष्ट किया कि आगे उनका पूरा ध्यान केवल अभिनय पर रहेगा और वह अपने एक्टिंग करियर को मजबूत बनाने पर फोकस करना चाहती हैं।

## डेरिल मिचेल को गेंद मारना अर्शदीप सिंह को पड़ा महंगा, आईसीसी ने लगाया भारी जुर्माना

**दुबई (एजेंसी)** ● भारतीय तेज गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह पर टी20 विश्व कप फाइनल के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'अर्शदीप को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ की आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान एक गेंद (या कोई अन्य क्रिकेट उपकरण) किसी खिलाड़ी पर या उसकी दिशा में अनुचित और खतरनाक ढंग से फेंकने से संबंधित है।'



इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, क्योंकि यह बीते 24 माह में अर्शदीप की पहली गलती है। यह घटना टी20 विश्व कप के फाइनल में हुई जब अर्शदीप ने अपने ही ओवर में डेरिल मिचेल के शॉट को रोका। जब उन्होंने गेंद पकड़ी तो मिचेल रन लेने के लिए क्रीज से दो कदम आगे आ चुके थे, इसलिए अर्शदीप ने गेंद विकेट की ओर फेंकी। इसी समय गेंद मिचेल के पैड पर जा लगी। उल्लेखनीय है कि अर्शदीप ने मिचेल को गेंद लगने के बाद फौरन माफी मांगी थी।

## टी20 विश्वकप में पांड्या सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने

**मुंबई (एजेंसी)** ● भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराराउंडर हार्दिक पांड्या ने एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। पांड्या टी20 विश्वकप इतिहास में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। पांड्या ने अब तक विश्वकप में कुल 34 छक्के लगाये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम था। युवराज ने कुछ 3 छक्के लगाये थे। अब पांड्या टी20 विश्वकप में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक छक्के लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं युवराज दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। पांड्या ने इस बार विश्वकप में कुल 15 छक्के लगाये है। इससे पहले खेले गये टी20 विश्व कप में पांड्या ने कुल 19 छक्के लगाये थे। ये छक्के उन्होंने नंबर 4 से नंबर 7 तक बल्लेबाजी करते हुए लगाये थे। इस तरह कुल 34 छक्के उन्होंने मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए लगाये हैं। ये किसी भी बल्लेबाज के नंबर 4 से लेकर नंबर 7 के बीच सबसे ज्यादा छक्के हैं। इस सूची में 33 छक्कों के साथ युवराज दूसरे स्थान पर हैं। वहीं इस सूची में तीसरे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल हैं, जिन्होंने 28 पारियों में 32 छक्के मध्यक्रम में लगाये हैं। वहीं सूर्यकुमार के नाम 31 छक्के हैं और वह चौथे नंबर पर हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ने 28 छक्के लगाकर पांचवे नंबर पर हैं।



## म्यूजिक वीडियो 'धागे' का गाना दिल के करीब: जसवंत

**मुंबई (एजेंसी)** ● कलाकार जसवंत बोपन्ना ने रियलिटी शोज के जरिए युवाओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। अब वह म्यूजिक वीडियो की दुनिया में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। हाल ही में उनका नया म्यूजिक वीडियो धागे रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। यह गाना इमोशन्स से भरपूर है और इसमें प्यार, दूरी और अनकही भावनाओं की कहानी को दर्शाया गया है। गाने को लेकर जसवंत बोपन्ना ने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बेहद करीब है। उनके अनुसार यह एक ऐसा एहसास है जिससे हर वह व्यक्ति जुड़ सकता है जिसने कभी किसी से सच्चा प्यार किया हो या किसी रिश्ते में दूरी का अनुभव किया हो। उन्होंने बताया कि आज के दौर में कई रिश्ते ऐसे होते हैं जहां लोग एक-दूसरे से बहुत कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन कई बातें दिल में ही रह जाती हैं। यह गाना उन्हीं अनकही भावनाओं और रिश्तों की जटिलताओं को सामने लाने की कोशिश करता है।



# उज्जैन संभाग

## उज्जैन में घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद, कमर्शियल गैस रेस्टोरेंट व होटल के लिए बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●ईरान और इजराइल, अमेरिका युद्ध का असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है। मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण भारत में गैस की आपूर्ति बाधित होने और कीमतों में भारी वृद्धि होने की संभावना है। जो घरेलु गैस डीलर के पास बुक होते ही अगले दिन घर आ जाती थी। उसमें अब 25 दिन का वेटिंग चल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद हो चुकी है। डीलरों के पास दो दिन से कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित होने से डीलरों ने रेस्टोरेंट में देना बंद कर दिया है। उज्जैन में कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई रोकने का फैसला किया गया है। जिससे लोग परेशान हो रहे है। यही हाल घरेलु गैस सिलेंडर का है।

### पैनिक में लोग कर रहे बुकिंग

युद्ध शुरू होने से पहले घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग कर उपभोक्ता कभी भी सिलेंडर एजेंसी से ले सकता था। लेकिन अब एक बार बुकिंग करने के 25 दिन बाद ही अगली बुकिंग हो पाएगी। बुकिंग कन्फर्म होने के बाद भी गैस सिलेंडर की डिलेवरी कब होगी इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं है। उज्जैन में इंडियन ऑइल की 5 एचपीसीएल की 6 BPCL की 6 और भारत गैस की 6 गैस एजेंसी है। अधिकांश एजेंसी ने होटल सहित रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस सिलेंडर देना



बंद कर दिया है। गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि लोग पैनिक होकर प्रेशर में गैस सिलेंडर की बुकिंग करवा रहे है। फिलहाल कम्पनी के आदेश होने पर कमर्शियल बुकिंग बंद कर दी है। जिससे सबसे ज्यादा दिक्कते रेस्टोरेंट संचालक को हो रही है। आने वाले दिनों में कई रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है।

### गैस सिलेंडर लेने के लिए जरुरी किया

घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही होगी। बुकिंग के बाद भी सिलेंडर की डिलवरी में 5 से 7 दिन का समय लग सकता है। ये स्टाक पर निर्भर करेगा। जबकि गैस युद्ध से पहले अगले दिन ही मिल जाती थी। गैस सिलेंडर सिर्फ रजिस्टर्ड नंबर से ही बुक हो सकेगी। ई-केवाईसी बिना किसी बुकिंग के स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

## होटल में लगी आग, शार्ट सर्किट की संभावना



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● इंदौर रोड स्थित जलसा होटल के निर्माणाधीन हिस्से में रविवार-सोमवार देररात आग लग गई। वहां होटल की कुर्सियां, बिस्तर, गद्दे और अन्य सामान रखा हुआ था, जो आग में जल गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम व नानाखेड़ा पुलिस पहुंची व रात में ही आग पर काबू पा लिया। होटल कर्मचारियों ने शार्ट सर्किट से आग की संभावना जताई है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है।

## सीएम की सुरक्षा में चूक का मामला, फटाका फोड़ने वाले तीन लोग नामजद, इवेंट मैनेजर आरोपी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन में रंगपंचमी गेर के दौरान मुख्यमंत्री के मंच से महज 15 फीट दूर हुए अग्निकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नीलगंगा पुलिस ने सोमवार को पटाखा छोड़ने वाले तीन युवकों की पहचान कर उन्हें नामजद आरोपी बनाया है।

तीनों आरोपी निजी इवेंट मैनेजर हैं, जो शादियों में वेडिंग एंट्री का काम करते हैं। रविवार को कलर फायर शॉट की चिंगारी से आठ लोग झुलस गए थे, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें इंदौर रेफर करना पड़ा है।

हादसे के बाद नगर निगम और प्रशासन के सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मुख्यमंत्री की मौजूदगी के बावजूद स्वागत मंचों की कोई अधिकृत सूची तैयार नहीं थी। निगम ने पल्ला झाड़ते हुए कहा है कि उसने किसी इवेंट कंपनी को ठेका नहीं दिया था और यह मंच निजी लोगों द्वारा लगाया गया था। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि संवेदनशील क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री ले जाने की अनुमति किसने दी थी।

बिना अनुमति कैसे लगे मंच, सुरक्षा टीम को क्यों नहीं थी भनक? नियमों के अनुसार वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान हर स्वागत मंच और वहां होने वाली गतिविधियों की पूर्व सूचना पुलिस प्रशासन को देना अनिवार्य है। नगर निगम की सफाई ने सुरक्षा व्यवस्था



की पोल खोल दी है कि बिना किसी टेंडर या सूची के मुख्यमंत्री के रूट पर निजी मंच लग गए और वहां प्रतिबंधित पटाखे भी चलाए गए। यह सुरक्षा प्रोटोकॉल का खुला उल्लंघन है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी मुजीब और शाहनवाज सगे भाई हैं और एसएन इफेक्ट इवेंट कंपनी चलाते हैं। इन्हें सिंधी कॉलोनी के लोकेश नामक युवक ने स्वागत मंच के लिए बुलाया था। मंच संचालक महेश परियानी की टीम के सदस्यों ने स्वीकार किया कि भीड़ हटने से पहले ही जल्दबाजी में पटाखे छोड़ दिए गए, जिससे यह बड़ा हादसा हुआ।

## नेशनल हाईवे कंस्ट्रक्शन कंपनी में महिला मजदूर से रेप, नहाते वक्त बाथरूम में घुसा आरोपी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जिले के मांधाता (ओंकारेश्वर) थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे का निर्माण कर रही एक कंपनी के कैंप में महिला मजदूर के साथ ज्यादती का मामला सामने आया है। पीड़िता मूल रूप से सीधी जिले की रहने वाली है। मोरटक्का चौकी पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। 22 वर्षीय पीड़िता अपने पति और रिश्तेदारों के साथ इंदौर-एदलाबाद नेशनल हाईवे परियोजना के तहत मोरगढ़ी गांव के पास केदारेश्वर कंस्ट्रक्शन कंपनी में मजदूरी करती है। 4 मार्च (होली) को काम की छुट्टी थी। सुबह करीब 10 बजे पीड़िता के पति सनावद राशन लेने गए हुए थे। महिला नहाने के लिए बाथरूम गई थी, तभी उसी के गांव का रहने वाला मजदूर अंदर घुस आया और उसके साथ ज्यादती की। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के दो दिन बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर अपने पति को आपबीती बताई। आरोपी धरमराज को जब इसका पता चला, तो उसने पीड़िता के पति और रिश्तेदारों से झगड़ा किया और अपने गांव (सीधी) भाग गया। आरोपी ने वहां से भी फोन पर जान से मारने की धमकियां दीं। मोरटक्का चौकी प्रभारी लखन डावर ने बताया कि सोमवार को महिला ने शिकायत की थी। मंगलवार को केस दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम सीधी जिले के लिए रवाना कर दी गई है। पुलिस जब मौका मुआयना करने कंस्ट्रक्शन कंपनी के वेयरहाउस पहुंची, तो वहां मजदूरों की स्थिति बेहद खराब मिली। कैंप में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग बाथरूम तो बनाए गए हैं, लेकिन उनमें दरवाजे ही नहीं हैं। इसी लापरवाही का फायदा आरोपी ने उठाया। मजदूरों ने पुलिस को बताया कि कंस्ट्रक्शन कंपनी ने पिछले चार महीने से उन्हें वेतन नहीं दिया है। पैसे न होने के कारण मजदूरों के पास राशन और कपड़ों तक का अभाव है।

## कूलर में करंट उतरा, छात्रा की मौत, 3 साल के मासूम ने इशारे में कहा- दीदी उधर गिरी है

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ●कूलर में करंट उतरने से 5वीं क्लास की एक छात्रा की मौत हो गई हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब घर में सिर्फ 3 साल का मासूम भाई मौजूद था। मजदूर माता-पिता खेत में गेहूं काटने के लिए गए हुए थे। परिवार के लोग घर पहुंचे, तब तक छात्रा की मौत हो चुकी थी। भाई ने बताया कि दीदी चिल्ला कर गिर गई।

मामला खंडवा जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर ग्राम पिपलानी का हैं। घटना सोमवार सुबह की बताई जा रही है। परिजन दोपहर 12 बजे सिविल अस्पताल पुनासा लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने करंट लगने से छात्रा की मौत होने की पुष्टि की है। थाना नर्मदानगर पुलिस ने गायत्री (12) पिता प्रकाश भीलाला के शव का पोस्टमार्टम कराया हैं। सोमवार रात थाना नर्मदानगर टीआई विकास खिंची ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद होगी।

गायत्री के पिता प्रकाश ने बताया कि, गांव के सरकारी स्कूल में ही बेटी पांचवी क्लास में पढ़ रही थी। वह पढ़ाई में काफी होशियार थी। प्राइमरी एजुकेशन के बाद अब आगे की पढ़ाई के लिए उसे छनेरा स्थित आवासीय विद्यालय भेजने की तैयारी थी। दो दिन पहले ही मैंने स्कूल के हेडमास्टर से चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते ही उसके एग्जाम हुए है। अगले महीने रिजल्ट आ जाएगा। स्कूल से अंकसूची मिलेगी, उसी के आधार पर हॉस्टल में एडमिशन होगा।

**3 साल से घर की रसोई, देखरेख उसी के जिम्मे थी**- पिता प्रकाश बताते है कि, गायत्री की मौत से मैं पूरा टूट चुका हूं। उसकी मां मंजू तो सदमें में है। गायत्री इतनी होनहार थी कि पिछले 3 साल से घर की रसोई उसी के जिम्में थी। हम लोग तो सुबह से मजदूरी के लिए निकल जाते और शाम को घर लौटते। तब वह खाना तैयार रखती थी। मां के पीरियड्स टाइम तो दोनों वक्त का खाना पकाती थी। इसके अलावा हाट जाकर सब्जीयां लाना और 3 साल के छोटे भाई की परवरिश करना उसी के जिम्में था। वह पढ़ाई के साथ घर का सारा कामकाज संभाल लेती थी। पूरे गांव में उसके जैसी बेटी नहीं थी। अगले महीने यानी 8 अप्रैल को गायत्री का जन्मदिन आने वाला था। वह 13 साल की उम्र पूरी करने वाली थी। इस बार उसका जन्मदिन परिवार के साथ धूमधाम से मनाने वाले थे।

न्यूज ब्रीफ

## प्रधानमंत्री श्री मोदी का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया आभार व्यक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट ने 3 हजार 839 करोड़ की लागत से एनएच 752ब पर बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी सेक्शन के फोर लेन निर्माण की मंजूरी के लिए आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कॉरिडोर उज्जैन से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के टिमरवानी इंटरचेंज तक सीधी फोर लेन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह एक महत्वपूर्ण प्रकल्प होगा। इससे जहां इंदौर, पीथमपुर, उज्जैन और देवास के औद्योगिक केंद्रों तक पहुंच सुगम होगी वहीं धार एवं झाबुआ जिले का समग्र आर्थिक विकास भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह स्वीकृति इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि इससे सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं का आवागमन अधिक सुविधाजनक हो जाएगा।

## रानी दुर्गावती अभयारण्य बनेगा चीतों का तीसरा घर -मुख्यमंत्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नौरादेही का रानी दुर्गावती अभयारण्य चीतों का तीसरा घर बनने जा रहा है। जल्द ही वहाँ भी चीते छोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। खेलने वाले कुल 20 देश, 55 मैच और विजेता- भारत, यह आंकड़े बताते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम ने दृढ़ संकल्प, साहस और पराक्रम से यह उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार और पूरी मंत्रि-परिषद् की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संघ लोक सेवा आयोग-2026 के हालिया घोषित रिजल्ट में मध्यप्रदेश के 2 होनहार अभ्यर्थियों द्वारा टॉप टेन अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने पर दोनों ही अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के कई विद्यार्थियों का यूपीएससी की परीक्षा में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस इत्यादि कई पदों पर चयन हुआ है। हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में चयनित होकर प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं।

# प्रदेश में धर्म कोड पर सियासी घमासान

## आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड की मांग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मप्र में आदिवासी बड़ा वोट बैंक हैं। इसलिए इस वर्ग को साधने के लिए लगातार सियासी चालें चली जाती हैं। असी कड़ी में मप्र की सियासत में आदिवासियों की पहचान को लेकर एक नया मोर्चा खुल गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अनूपपुर में आयोजित एक जनजातीय सम्मेलन में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड की मांग उठाकर सत्ता के गलियारों में हलचल तेज कर दी है। सिंघार ने दो टूक कहा कि यदि आदिवासियों को अन्य धर्मों के तहत गिना जाता रहा, तो भविष्य में उनकी विशिष्ट पहचान और संवैधानिक अधिकार दोनों मिट जाएंगे। सिंघार के इस बयान पर मोहन सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासियों को गुमराह करने और समाज को बांटने का आरोप लगाया। सारंग ने मांग की है कि जनगणना जैसी संवैधानिक प्रक्रिया में बाधा डालने और भ्रम फैलाने के जुर्म में सिंघार पर आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए।

गौरतलब है कि आदिवासी सरना (पूजा) धर्म कोड तो मान्यता दिलाने के लिए मध्यप्रदेश के अलावा पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी आदिवासियों ने अपनी मुहिम चलाई है। इसमें आदिवासियों का कहना है कि जनगणना में आदिवासियों को अन्य श्रेणी की बजाय अलग आदिवासी धर्म कोड में शामिल किया जाए, ताकि उनकी विशिष्ट प्रकृति आधारित संस्कृति को संरक्षित किया जा सके। इस पर कुछ नेताओं ने दलील दी है कि आदिवासी हिंदू, इस्लाम या अन्य धर्मों को नहीं मानते। आदिवासी समुदाय प्रकृति का रक्षक होता और वर्षों से वृक्षों की पूजा करते हैं, जिसे वे एक अलग धार्मिक पहचान के रूप में मान्यता दिलाना चाहते हैं। इधर भाजपा से जुड़े आदिवासी नेताओं का कहना है कि यह आवश्यक नहीं हैं। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। मौजूदा सरकार आदिवासियों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। ऐसे में उन्हें धर्म कोड जैसे विषय में डालकर विपक्षी दलों के नेता उन्हें गुमराह करने में लगे हुए है। लेकिन मध्यप्रदेश का आदिवासी जानता है कि कौन सा दल उनके हितों पर विशेष तौर पर ध्यान दे रहा है।



**खत्म हो सकते हैं वन अधिकार: सिंघार**-दरअसल, मप्र में आदिवासी हमेशा से राजनीति के केंद्र में रहते हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टियों के लिए यह वर्ग प्राथमिकता में रहता है। इसी के मद्देनजर कांग्रेस का फोकस आदिवासियों पर है। ऐसे में सिंघार ने आदिवासियों को आगाह किया कि जनगणना के दौरान अपनी अलग पहचान दर्ज कराना अस्तित्व की लड़ाई है। उन्होंने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश से कम से कम 50 लाख आवेदन राष्ट्रपति के पास पहुंचने चाहिए ताकि दिल्ली को आदिवासियों की ताकत का अहसास हो। उनका तर्क है कि अगर आदिवासी समुदाय अन्य धर्मों में विलीन हो गया, तो आरक्षण और वन अधिकार जैसे सुरक्षा कवच कमजोर पड़ जाएंगे। अगर आदिवासियों की गिनती किसी और धर्म में होती रही, तो हमारी पहचान कैसे बचेगी? अगर पहचान मिट गई, तो आरक्षण, हक और जंगल के अधिकार भी खतरे में पड़ जाएंगे। आज चुप रहे, तो कल आपकी बात सुनने वाला कोई नहीं बचेगा। उमंग सिंघार ने कहा कि हम सब को मिलकर इस दिशा में पूरी सिद्दत के साथ लड़ाई लडऩी होगी। जिससे आदिवासियों का अपना धर्म कोड मिल सके। उन्होंने अगर आदिवासियों को किसी दूसरे धर्म में शामिल कर दिया गया, तो उनकी पहचान अधिकार और वन अधिकार खत्म हो सकते है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में यह मांग काफी अरसे से की जा रही है, वे कई आदिवासी मंचों पर इस अहम विषय को उठा चुके है। लेकिन अब इस पर निर्णायक कदम उठाने पर ध्यान देना होगा। सिंघार ने कहा कि सत्ताधारी दल के लोग हमें वोट की खातिर आपस में लड़ाते है। प्रदेश में आदिवासी समुदाय की क्या स्थिति यह किसी से छिपी नहीं है और यदि हमें धर्म कोड नहीं दिया गया तो आने वाले समय में हमें अपनी पहचान बचाना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में सभी आदिवासी जनप्रतिनिधियों को अपनी जनता के बीच जाकर इस विषय को जन आवाज बनाया जाए और फिर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मामले को पूरे जोश-खरोश के साथ उठाना होगा।

### कांग्रेस की फूट डालो और आगे बढ़ो नीति- सारंग

नेता प्रतिपक्ष के इस बयान पर सरकार के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि सिंघार ऐसा कह कर समाज को तोडने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह कदम जनगणना की संवैधानिक प्रक्रिया में खलल डालने की कोशिश है। ऐसा करने पर इस मामले में आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए। सारंग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हमेशा से यही नीति रही है कि फूट डालो और आगे बढ़ो। इस तरह की राजनीति राज्य के भोले-भाले आदिवासियों को बरगलाने के लिए की जा रही है। यह कृत्य समाज में विघटन पैदा करने जैसा है, जिसकी सार्वजनिक तौर पर निंदा होना चाहिए।

# होटल, रेस्टोरेंट, सराफा चौपाटी, हॉस्टल और कैटरर्स के पास चंद दिनों का है सिलेंडर स्टॉक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अंतर्राष्ट्रीय तनाव का असर अब इंदौर की रसोइयों तक पहुंचने लगा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच गैस सप्लाई प्रभावित होने से शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट गहराता जा रहा है। बुकिंग अवधि 25 दिन बढ़ने और सिलेंडर की उपलब्धता घटने से होटल, रेस्टोरेंट, सराफा चौपाटी, हॉस्टल और कैटरर्स के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। कई जगह सिलेंडर का स्टॉक सीमित रह गया है और संचालकों को अगले कुछ दिनों की व्यवस्था को लेकर चिंता सताने लगी है। यदि जल्द सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दो-तीन दिनों में कई होटल-रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर पहुंच सकते हैं। शहर में छोटे-बड़े मिलाकर 1600 से अधिक रेस्टोरेंट संचालित होते हैं, जिनकी रसोई पूरी तरह कमर्शियल गैस सिलेंडर पर निर्भर है। संकट के बीच बाजार में सिलेंडर की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है और 1750 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर 3000 से 4000 रुपए तक में बेचा जा रहा है।

**हॉस्टल :** मेस संचालक रघु राठौर ने बताया कि उनके यहां करीब डेढ सौ बच्चे रहते हैं, जिनके लिए रोजाना भोजन बनाना पड़ता है। इतने बच्चों के भोजन की व्यवस्था के लिए हर महीने लगभग 15 गैस सिलेंडर लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के लिए रसोई का संचालन करना आसान नहीं होता, इसलिए गैस की नियमित उपलब्धता बेहद जरूरी है। फिलहाल उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था के



रूप में संदूर (चूल्हा/लकड़ी आधारित व्यवस्था) भी रखी हुई है, ताकि किसी आपात स्थिति में भोजन बनाने का काम प्रभावित न हो।

**होटल्स :** इंदौर के छोटे से लेकर 5 स्टार होटल तक में स्थित रेस्टोरेंट भी इस संकट से गुजर रहे हैं। सभी के पास सिर्फ 7 से 8 दिन का ही स्टॉक बचा हुआ है। इंदौर की 5 स्टार होटल द पार्क के प्रबंधक सुदीप कांजीलाल ने बताया कि यह बहुत मुश्किल की घड़ी है। हमारे पास 7 दिन का ही स्टॉक है। इसके बाद क्या होगा पता नहीं। अगर सिलेंडर उपलब्ध नहीं होते हैं तो हमें रेस्टॉरेंट बंद करना पड़ेगा। सिर्फ कमरे की ही बुकिंग रखेंगे। उत्सव रेस्टोरेंट के संचालक राजेंद्र धनोतिया का कहना है कि स्टॉक सीमित ही है। प्रतिदिन 5 से 7 सिलेंडर का लग जाते हैं। प्रयास कर रहे हैं कि आगे के लिए व्यवस्था हो जाए।

**कैटरर्स :** शादियों के सीजन के बीच शहरभर के कैटरर्स भी गैस सिलेंडर को लेकर काफी परेशान हैं। सांवरी कैटरर्स प्रमुख मयंक जोशी ने बताया कि लगातार शादियों की बुकिंग है। मंगलवार को ही टंकी की समस्या खड़ी हो गई। कई जगह फोन लगाए तब कहीं जाकर कुछ व्यवस्था बन पाई। आगामी बुकिंग को लेकर संकट पैदा हो गया है। जहां जितनी टंकी मिलना थी अब वो भी मिलना मुश्किल लग रहा है। हम तो प्रयास करेंगे ही, अगर नहीं व्यवस्था नहीं होती है तो आयोजक को ही बोलना पड़ेगा कि आप लोग ही व्यवस्था करके दें।

**सराफा चौपाटी :** गैस सिलेंडर के संकट के कारण सराफा चौपाटी पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। रात 9.30 से रात 2 बजे तक चलने वाली इस चौपाटी में 81 दुकानें संचालित होती हैं। ये सभी दुकानदार कमर्शियल गैस सिलेंडर ही उपयोग करते हैं। सराफा चौपाटी एसोसिएशन के अध्यक्ष राम गुप्ता ने बताया कि यहां के सभी संचालकों के लिए बडा संकट है। एक दुकानदार के पास एक सिलेंडर 15 दिन ही चल पाता है, जबकि मिठाई बनाने वाले को प्रतिदिन एक सिलेंडर लगता ही है। अब स्थिति यह है कि अगर सिलेंडर नहीं मिलता है तो सराफा चौपाटी बंद हो सकती है।

**ब्लैकमेलिंग शुरू :** आपदा के बीच लोगों ने गैस सिलेंडर को ब्लैक करना शुरू कर दिया है। कैटरर्स राहुल जैन ने बताया कि शादियों की लगातार बुकिंग है। सिलेंडर संकट के बीच लोगों ने ब्लैक में सिलेंडर बेचना शुरू कर दिए हैं। मैंने 11 मार्च की शादी के लिए तीन सिलेंडर बुलाए हैं। जो सिलेंडर 1750 रु. में मिल रहा था वह अब 3000 रुपए में मिल रहा है। कोई सिलेंडर 4000 में दे रहा है तो कोई 3000 रुपए में। चूंकि शादियों के बुकिंग है तो हमारी तो मजबूरी है। हमें ब्लैक में महंगे दामों में सिलेंडर लेना पड़ रहा है।

रंगपंचमी की सुबह स्कॉर्पियो ने मारी थी टक्कर

# 100 से ज्यादा कैमरे देखने के बाद पकड़ाया आरोपी ड्राइवर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में रंगपंचमी की सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने फरार स्कॉर्पियो चालक को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चकमा देने के लिए अलग-अलग जगह से गाड़ी को भगाकर ले गया था। दो दिन तक लगातार सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची है।




छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक रंगपंचमी की अलसुबह सिलावटपुरा गणेश मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े तनवीर खान (19) और उसके दोस्त फैजान मंसूरी (22) को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल यूनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान तनवीर की मौत हो गई थी। वहीं फैजान घायल था। इस मामले में पुलिस ने स्कॉर्पियो के ड्राइवर शाहरुख पुत्र सलीम लोहार निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि रमजान के चलते सेहरी के समय कई युवक घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वहां से गुजरी और दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था।

**खुद भी सेहरी के लिए पहुंचा था**-शाहरुख ने पूछताछ में बताया कि वह ग्रीन पेलेस कॉलोनी में रहने वाली व्यक्ति की गाड़ी चलाता है। रविवार को वह दो लोगों को लेकर सेहरी के लिए बंबई बाजार आया था। यहां से वापस जाते समय उसे नींद का झोंका आ गया। वह हादसे के बाद घबरा गया। इसके बाद स्कॉर्पियो को भगाकर वहां से ले गया।

**दोस्त ने किया था पीछा, 100 से ज्यादा फुटेज देखे**-हादसे के बाद तनवीर ओर फैजान के दोस्त इरफान ने गगवाल, फूटी कोठी, महूनाका से होते हुए फूटी कोठी और चंदन नगर चौराहे तक पीछा किया था। इसके बाद आरोपी ने स्कॉर्पियो धार रोड की तरफ मोड़ दी थी। इरफान हादसे के बाद गाड़ी के नंबर नहीं देख पाया था। पुलिस के जवान धमेन्द्र, भूपेन्द्र और अरूण ने करीब 100 से ज्यादा कैमरो के फुटेज देखे ओर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो भी जब्त कर ली है।

# विजयपुर मामले में कांग्रेस से हुई चूक, विधायकी गंवाने वाले मुकेश मल्होत्रा बोले- कुछ लोगों ने ध्यान नहीं दिया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● विजयपुर विधानसभा मामले मे ग्वालियर हाईकोर्ट में पक्ष रखने में क्या कांग्रेस पार्टी ने बड़ी चूक कर दी है, यह बड़ा सवाल उठ रहा है। इंदौर से कांग्रेस नेता ने इस मामले को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखा है। वहीं इस मामले में जब विधायकी जाने वाले मुकेश मल्होत्रा से बात की तो उनका जवाब भी बड़े सवाल खड़े कर रहा है।



हाईकोर्ट में पैरवी के लिए इस मामले में याचिकाकर्ता बीजेपी से चुनाव लड़ने वाले रामनिवास रावत थे। इसमें कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा को उन्होंने पार्टी बनाया था। रावत की ओर से 15 अधिवक्ताओं की पैनल थी। वहीं मल्होत्रा की ओर से भी इसमें लंबी-चौड़ी पैनल थी, लेकिन कांग्रेस के दिग्गज वकीलों की इसमें कमी थी। हालांकि, आर्डर शीट में वरिष्ठ वक्ता विवेक तन्खा का नाम मेंशन जरूर है।

**उधर कांग्रेस नेता ने बताई रणनीतिक चूक**-वहीं इंदौर से कांग्रेस के पूर्व महासचिव राकेश यादव इसे लेकर राहुल गांधी को पत्र लिखा है और इसे रणनीतिक कमी बताया है। कहा है कि यह मामला केवल एक विधायक की सदस्यता समाप्त होने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश कांग्रेस संगठन की रणनीतिक एवं कानूनी कमजोरियों को उजागर करने वाली महत्वपूर्ण राजनीतिक चेतावनी है।

विजयपुर प्रकरण में न्यायालयीन पैरवी के दौरान अपेक्षित गंभीरता, अनुभवी विधि विशेषज्ञों की प्रभावी भागीदारी तथा समय रहते संगठनात्मक समन्वय का अभाव दिखाई दिया। इससे कांग्रेस को एक निर्वाचित विधायक की हानि उठानी पड़ी।

**राज्यसभा में एक सीट पर आया संकट**-यादव ने आरोप लगाए कि इससे राज्यसभा की एक सीट को लेकर मप्र में कांग्रेस के सामने विकट स्थिति आ सकती है। कांग्रेस के पास अभी मप्र विधानसभा में 63 विधायक है, जबकि राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 58 मत आवश्यक हैं। अर्थात पार्टी के पास केवल 5 मतों का सीमित अंतर ही है।

ऐसी परिस्थिति में क्रॉस वोटिंग, विधायकों की अनुपस्थिति या तकनीकी कारणों से मत अमान्य होने जैसी बात हुई तो एकमात्र राज्यसभा सीट को गंभीर खतरे में डाल सकती हैं।

### यह बोले मुकेश मल्होत्रा

इसी मामले में जब मल्होत्रा से बात की तो उन्होंने यह जवाब दिए-

- सवाल- क्या वरिष्ठ अधिवक्ता उतरे थे आपकी ओर से
- मल्होत्रा- अब वह पार्टी लगाएंगे बैठक चल रही है
- सवाल- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे
- मल्होत्रा- हां जाएंगे
- सवाल- क्या लगता है कि पार्टी से और वरिष्ठ अधिवक्ता आते तो बेहतर होता
- मल्होत्रा- अब पता नहीं क्या हुआ है उसमें कुछ समझ नहीं आ रहा है
- सवाल- आपकी ओर से भी पार्टी से कोई मांग हुई थी कि दिल्ली से वकील आ जाएं
- मल्होत्रा- अब उस समय ज्यादा ध्यान नहीं दिया कुछ लोगों ने
- सवाल- लगता है कि और अधिवक्ता आते तो बेहतर होगा, रावतजी ओर से कई अधिवक्ता थे. आपने मांग की हो पार्टी से
- मल्होत्रा- नहीं ऐसा नहीं है, मांग नहीं की थी।

## जीतू पटवारी ने भाजपा पर लगाए आदिवासी विरोधी सोच के आरोप

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विजयपुर विधानसभा से कांग्रेस नेता मुकेश मल्होत्रा के चुनाव को शून्य किए जाने के मामले में भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला भाजपा की खरीद-फरोख्त की राजनीति और उसके 'चाल, चरित्र और चेहरा' को उजागर करता है। जीतू पटवारी ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा यह सवाल उठा रही है कि विजयपुर से एक आदिवासी विधायक विधानसभा कैसे पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा आदिवासी नेताप्रतिपक्ष की 'औकात' पूछना उनकी आदिवासी विरोधी मानसिकता को



दर्शाता है। यही व्यवहार विजयपुर के हमारे नेता मुकेश मल्होत्रा के साथ किया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट में दी जाएगी चुनौती**-पटवारी ने घोषणा की कि मुकेश मल्होत्रा के चुनाव को शून्य घोषित करने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस की ओर से पैरवी करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और उन्हें विश्वास है कि न्याय मिलेगा तथा मुकेश मल्होत्रा फिर से जनता के समर्थन से चुनकर आएंगे।

पीसीसी चीफ पटवारी ने भाजपा के आदिवासी सांसदों, विधायकों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से सवाल करते हुए कहा कि वे बताएं कि क्या इस तरह का कदम सही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सोच ने आदिवासी समाज का अपमान किया है और लगातार उनके अधिकारों पर प्रहार हो रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को बढ़ती महंगाई दिखाई नहीं देती, लेकिन उसे यह जरूर दिखाई देता है कि एक आदिवासी विधायक विधानसभा कैसे पहुंच गया।

## कांग्रेस नेताओं को अदालत की समझ कम-खंडेलवाल



बीजेपी प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए इंदौर आए हेमंत खंडेलवाल ने इसका जवाब दिया है। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हम अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं। यह न्यायिक प्रक्रिया है। जीतू पटवारी जैसे बड़े नेता को अदालत के फैसले पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। जो भी फैसला न्यायालय करता है, वह किसी न किसी कारण से होता है। वहीं आदिवासियों के अपमान पर खंडेलवाल ने कहा कि अदालत की कार्रवाई है। इसमें चुनाव प्रक्रिया का पालन नहीं होने से यह फैसला लिया है। इसमें किसी के सम्मान अपमान की बात नहीं है। मैं समझता हूं कि कांग्रेस नेताओं को अदालत की समझ कम है। अदालत का सम्मान करना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।